दैनिक लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471




# अमन लेखनी



किरदार की सच्चाई को समझना जरूरी

वर्ष : 12 | अंक : 245 | लखनऊ, 30 अगस्त, रविवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## मलबे से कैसे खड़ी होगी जिंदगी?



नेपाल में आई बाढ़ से धड़िंग गांव में मची तबाही का मंजर

## बाढ़ में बहकर आया बैंक लॉकर, नेपाल में लोगों ने निकाले 92.68 लाख, 29 गिरफ्तार



नेपाल में भीषण बाढ़ के बीच एक बैंक का लॉकर पानी में बहकर धादिंग पहुंच गया। लॉकर लोगों के हाथ लगा तो उन्होंने उसे तोड़ दिया। इसके अंदर रखी नकदी निकालने के दौरान 29 लोग पकड़े गए। पुलिस ने मौके से 92,68,505 रुपए बरामद किए हैं। बाढ़ की शुरुआत रासुवा क्षेत्रों में हुई। त्रिशूली नदी का बहाव तेज हो गया। इसी दौरान एक बैंक का लॉकर पानी के तेज बहाव में बह गया। लॉकर बहता हुआ धादिंग इलाके तक पहुंच गया। इसी दौरान सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल पुलिस की संयुक्त गश्ती टीम वहां पहुंच गई। संयुक्त टीम ने मौके पर कार्रवाई की और 29 संदिग्धों को पकड़ लिया। पुलिस ने उनके पास से 9,268,505 नेपाली रुपए बरामद किए। भारतीय संख्या पद्धति में यह रकम 92,68,505 रुपए, यानी करीब 92.68 लाख नेपाली रुपए बैठती है।



19 अप्रैल 2024



27 अगस्त 2026

# नेपाल बाढ़ त्रासदी

# अब तक 626 लोगों की मौत, 2400 से ज्यादा लापता राहत-बचाव अभियान जारी, भारतीय मदद को सराहा



11 सदस्यीय भारतीय दल पहुंचा

नेपाल के विदेश मंत्री शिसिर खनाल ने कहा कि देश की तत्काल प्राथमिकता लापता लोगों का पता लगाना और उन्हें तत्काल राहत प्रदान करना है। फिर से बाढ़ आने की संभावनाओं और चिंताओं को देखते हुए जोखिम पर नजर रखी जा रही है और क्षेत्र 'उच्च सतर्कता' पर हैं

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

नेपाल बाढ़ त्रासदी में मरने वालों का आंकड़ा 616 पहुंच गया है। वहीं, लापता लोगों का आंकड़ा भी 2000 से ज्यादा हो गया है। नेपाल के विदेश मंत्री शिसिर खनाल ने कहा कि देश की तत्काल प्राथमिकता लापता लोगों का पता लगाना और उन्हें तत्काल राहत प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि 187 विदेशी नागरिकों सहित 4,451 लोगों को बचाया जा चुका है। इस बचाव अभियान में स्थानीय अधिकारियों की सहायता के लिए 11 सदस्यीय भारतीय दल शनिवार को नेपाल पहुंचा। भारतीय दूतावास के सूत्रों के अनुसार, चिकित्सा कर्मियों और सुरंग बचाव विशेषज्ञों सहित इस टीम को नेपाल सरकार के अनुरोध पर भेजा गया था।

» ***अज्ञात शवों की पहचान के लिए डीएनए सुरक्षित रख रहे***

» ***भारत ने सहायता के लिए 11 सदस्यीय बचाव दल भेजा***

### नेपाल के राष्ट्रपति ने मदद के लिए जताया आभार



रामचंद्र पौडेल

नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने हाल की आपदा के दौरान भारत की मदद और एकजुटता के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और भारत सरकार का आभार जताया है। एक्स पर पोस्ट में उन्होंने कहा कि नेपाल सरकार और जनता की ओर से वह राष्ट्रपति मुर्मू की चिंता और भारत की ओर से दी गई उदार सहायता के लिए गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। पौडेल ने 26 अगस्त 2026 की आपदा में भारतीय नागरिकों की मौत पर भी दुख जताया। उन्होंने भारत सरकार और भारतीय जनता के प्रति गहरी संवेदना और सहानुभूति व्यक्त करते हुए कहा कि इस त्रासदी में जान गंवाने वाले भारतीयों का दुख नेपाल भी महसूस करता है।

### पुनर्निर्माण में करीब 5 अरब डॉलर लगेंगे



स्वर्णिम वाग्ले

नेपाल के वित्त मंत्री स्वर्णिम वाग्ले ने कहा कि विनाशकारी बाढ़ के बाद देश के पुनर्निर्माण के लिए 4 अरब डॉलर से 5 अरब डॉलर के बीच की राशि की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक अनुमान है। नुकसान और क्षति का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नेपाल इस संकट से कई चरणों में निपट रहा है। तत्काल प्राथमिकता उन लोगों को बचाने की है जिन्हें बचाया जा सकता है। इनमें वे लोग भी शामिल हैं जो जलविद्युत परियोजनाओं में फंसे या वहां से निकल नहीं पा रहे हैं। वाग्ले ने कहा कि भारत सरकार और पीएम नरेंद्र मोदी बेहद उदार रहे हैं। जब 2015 में भूकंप आया था, तब मैं सरकार में था। उस समय भी मदद की थी।



### 229 शवों की नहीं हो सकी पहचान

नेपाल के दक्षिणी मध्य तराई क्षेत्र के चितवन जिले में स्वास्थ्य संस्थानों और नदी तटों से एकत्र किए गए शव/अवशेष सड़ने की अवस्था में हैं अब उनकी पहचान करना संभव नहीं है। शेष 229 शवों को हिरासत केंद्रों और स्वास्थ्य संस्थनों में रखा जा रहा है, और डीएनए के नमूने अभी भी एकत्र किए जा रहे हैं।

### डब्ल्यूएचओ ने डेढ़ लाख अमेरिकी डॉलर की धनराशि जारी की

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक ने टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने बताया कि बाढ़ को लेकर अपनी मदद का दायरा बढ़ा रहा है, जिसके तहत तत्काल 150,000 अमेरिकी डॉलर की धनराशि जारी की गई है।

## सैटेलाइट तस्वीरों में दिखा मंजर

### हिमालय में आई बाढ़ ने नेपाल-चीन बॉर्डर क्रॉसिंग का मिटा दिया नामोनिशान

नई सैटेलाइट तस्वीरों में नेपाल-चीन बॉर्डर पर हिमालय में अचानक आई बाढ़ से हुई तबाही का मंजर देखने को मिला है। इन तस्वीरों से पता चलता है कि 26 अगस्त को चट्टान, बर्फ, कीचड़ और पानी के तेज बहाव के कारण रसुनागढ़ी क्रॉसिंग लगभग खत्म हो गई। कमर्शियल सैटेलाइट कंपनी वैंटर ने हाई-रिजॉल्यूशन वाली पहले और बाद की तस्वीरें जारी की हैं। इनमें 19 अप्रैल, 2024 की तस्वीर की तुलना की आपदा के एक दिन बाद, 27 अगस्त, 2026 की तस्वीर से की गई है। पहली तस्वीर में नदी के किनारे एक बड़ी कई मंजिला बॉर्डर सुविधा, सड़कें, पक्के इलाके और अन्य बुनियादी ढांचे दिखाई देते हैं।

### बाढ़ के बाद घर, पुल बह गए, दब गए

बाढ़ के बाद की तस्वीर में, वह ज्यादातर ढांचा चट्टान, कीचड़ और मलबे के नीचे दब गया है। प्रभावित इलाके की अन्य सैटेलाइट तस्वीरों में घर, पुल और सड़कों व बुनियादी ढांचे के हिस्से या तो बह गए हैं या दब गए हैं। बाढ़ के बाद की तस्वीरों में रसुवागढ़ी में मुख्य कई मंजिला इमारत और आस-पास की सुविधाएं दिखाई नहीं दे रही थीं।

## खबर संक्षेप

### नीति आयोग के उपाध्यक्ष का सियाचिन दौरा



नई दिल्ली। नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार लाहिड़ी ने अपनी टीम के साथ दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन का दौरा किया। उन्होंने सियाचिन बेस कैंप का दौरा करने के साथ ही उत्तरी ग्लेशियर का हवाई निरीक्षण भी किया। नीति आयोग ने पोस्ट में लिखा, 'सियाचिन : सीमाओं पर साहस का साक्षी।' डॉ. अशोक कुमार लाहिड़ी ने रॉकक्राफ्ट ट्रेनिंग स्कूल का दौरा किया और सियाचिन वॉर मेमोरियल पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### रूस का यूक्रेन पर हमला, 27 की मौत



कीव। रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर बड़ा हमला किया है। इस हमले में यूक्रेन में 27 लोगों की मौत हुई है और बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। यह हमला राजधानी कीव के पास बुचा जिले में हुआ। रूस के इस हमले में 50 के करीब घर तबाह हुए हैं। हमले से बड़े पैमाने पर आग भी लगी, जिसकी चपेट में आकर कई घर और रेस्तरां को नुकसान हुआ है। हाल ही में रूस ने यूक्रेन के एक शॉपिंग मॉल पर हमले कर 16 लोगों की जान ली थी।

## मध्य एशिया मिशन के लिए पीएम मोदी उज्बेकिस्तान के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे

# व्यापार, निवेश, रक्षा, ऊर्जा और शिक्षा के क्षेत्रों में आपसी सहयोग को और गहरा करेंगे

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

*पीएम ने कहा कि मैं ताशकंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ ओरिएंटल स्टडीज में शास्त्री स्मारक और महात्मा गांधी केंद्र का भी दौरा करूंगा, जो हमारे दोनों देशों को जोड़ने वाले गहरे सांस्कृतिक और लोगों के बीच के संबंधों का प्रतीक है*

पीएम नरेंद्र मोदी उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शवकत मिर्जियोयेव के निमंत्रण पर शनिवार को ताशकंद पहुंचे जहां राष्ट्रपति मिर्जियोयेव ने उनका गले लगकर स्वागत किया। पीएम दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति मिर्जियोयेव के साथ प्रतिनिधिमंडल-स्तर की बातचीत करेंगे। उनका यह दौरा दो दिन का है। इसके बाद 31 अगस्त को वह किर्गिस्तान दौरे पर रहेंगे। पीएम मोदी ने उज्बेकिस्तान के लिए रवाना होने से पहले लिखा कि मैं 29 अगस्त से 1 सितंबर तक उज्बेकिस्तान और किर्गिज की यात्रा पर जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में भारत-उज्बेकिस्तान रणनीतिक साझेदारी में काफी प्रगति हुई है। मैं राष्ट्रपति मिर्जियोयेव के साथ व्यापार और निवेश, डिजिटल कनेक्टिविटी, रक्षा, ऊर्जा के क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने व 'विकसित भारत' और 'यांगी उज्बेकिस्तान' के हमारे साझा विजन को आगे बढ़ाने पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। पीएम ने कहा कि मैं ताशकंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ ओरिएंटल स्टडीज में शास्त्री स्मारक और महात्मा गांधी केंद्र का भी दौरा करूंगा, जो हमारे दोनों देशों को जोड़ने वाले गहरे सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक है।

» उज्बेकिस्तान के साथ रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा भारत

» 'विकसित भारत' और 'यांगी उज्बेकिस्तान' के साझा विजन पर भी चर्चा



उज्बेकिस्तान के ताशकंद में सैनिकों को श्रद्धांजलि देते पीएम मोदी

### छठे 'वर्ल्ड नोमैड गेम्स' के उद्घाटन समारोह में होंगे शामिल

पीएम मोदी ने कहा कि मैं राष्ट्रपति झापारोव और एससीओ के अन्य नेताओं से मिलने और छठे 'वर्ल्ड नोमैड गेम्स' के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए भी उत्सुक हूं। यह मध्य एशिया की समृद्ध जीवंत विरासत का उत्सव है, जिसका भारत बहुत सम्मान करता है। यह यात्रा मध्य एशिया में भारत की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करेगी, इस क्षेत्र के साथ हमारे सभ्यतागत जुड़ाव को गहरा करेगी और शांति, स्थिरता व समृद्धि की हमारी साझा कोशिशों को आगे बढ़ाएगी। ये वे मूल्य हैं जो दुनिया के साथ भारत के जुड़ाव के केंद्र में हैं।

### चौथी बार पहुंचे उज्बेकिस्तान

विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने बताया कि यह पीएम मोदी का उज्बेकिस्तान का चौथा दौरा होगा। इससे पहले उन्होंने 2015 में उज्बेकिस्तान और मध्य एशिया के अन्य देशों का दौरा किया था, और फिर 2016 और 2022 में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में शामिल होने के लिए वहां गए थे। पिछले कई वर्षों से भारत और उज्बेकिस्तान के बीच द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों स्तरों पर बड़े पैमाने पर और फायदेमंद संबंध रहे हैं।

### 1 सितंबर को जाएंगे किर्गिज

पीएम मोदी एक सितंबर को किर्गिज का भी दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि किर्गिज के राष्ट्रपति सादिर झापारोव के निमंत्रण पर मैं 26वें एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए बिश्केक जाऊंगा। यह सम्मेलन इस महत्वपूर्ण संगठन के 25 साल पूरे होने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत 2017 से एससीओ का एक सक्रिय सदस्य रहा है। मैं सुरक्षा, संपर्क और अवसर पर आधारित इस क्षेत्र के लिए भारत के विजन को आगे बढ़ाने और आतंकवाद, अलगाववाद व चरमपंथ की बुराई से मुक्त क्षेत्र के लिए काम करने के लिए उत्सुक हूं।

### 31 अगस्त को एससीओ समिट में शामिल होंगे

पीएम मोदी 31 अगस्त को 26वें एससीओ (शंघाई शिखर सम्मेलन) समिट में शामिल होने के लिए बिश्केक जाएंगे। यह एससीओ की 25वीं वर्षगांठ है। इस साल का थीम है 'एससीओ के 25 साल: टिकाऊ शांति, विकास और समृद्धि की ओर साथ-साथ'। बिश्केक में होने वाले एससीओ लीडरशिप समिट के कार्यक्रमों में 31 अगस्त को वेलकम डिनर और अगले दिन समिट की मुख्य बैठक शामिल है, जिसमें पीएम मोदी अपना भाषण देंगे। बिश्केक में समिट के दौरान पीएम मोदी की सदस्य देशों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें भी आयोजित करने की योजना है।

## भारत-अर्जेंटीना संयुक्त व्यापार समिति की बैठक

# खनन, ऊर्जा और अवसंरचना क्षेत्रों में निवेश के अवसरों पर हुई बातचीत

### विमानन, अंतरिक्ष दूरसंचार में तलाशे गए नए अवसर



फर्नांडो ब्रून और राजेश अग्रवाल

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

भारत-अर्जेंटीना संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी) की चौथी बैठक ब्यूनस आयर्स के पलासिओ सैन मार्टिन में आयोजित की गई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने किया, जबकि अर्जेंटीना प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंध सचिव राजदूत फर्नांडो ब्रून ने किया। दोनों पक्षों ने पीएम नरेंद्र मोदी की 2025 में अर्जेंटीना यात्रा के दौरान सहमत हुए रोडमैप पर हुई प्रगति की समीक्षा की और दोनों देशों के बीच रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को और अधिक सुदृढ़ करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। बैठक में खनन, ऊर्जा और अवसंरचना क्षेत्रों में निवेश के अवसरों पर भी चर्चा हुई।

### द्विपक्षीय व्यापार 6.5 अरब अमेरिकी डॉलर

भारत और अर्जेंटीना के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2025 में 6.5 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया, जिसमें 17 प्रतिशत से अधिक की लगातार वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। भारत अर्जेंटीना का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनकर उभरा है, जो द्विपक्षीय व्यापार के विस्तार और विविधीकरण की अपार संभावनाओं को दर्शाता है। दोनों पक्षों ने आर्थिक साझेदारी के विस्तार के साथ-साथ अधिक पारस्परिक सहयोग और व्यवसायों के लिए अवसरों के अधिक संतुलित ढांचे को सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। विमानन, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और डिजिटल सेवाओं सहित सहयोग के उभरते क्षेत्रों की पहचान विशेष रूप से 5जी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में दोनों देशों के लिए आगे के अवसरों के रूप में की गई।

### भारतीय कृषि उत्पादों को मिलेगा बाजार

अर्जेंटीना के बाजार में भारतीय कृषि उत्पादों के प्रवेश को सुगम बनाने की दिशा में हुई उत्साहजनक प्रगति पर भी प्रकाश डाला गया। भारतीय प्याज, दूध और दूध उत्पादों, अंगूर, आलू, केले और दालों के लिए स्वच्छता और पादप स्वच्छता (एसपीएस) उपायों पर तकनीकी स्तर की चर्चाएं आगे बढ़ रही हैं, जो इन उत्पादों के बाजार तक पहुंच बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# ध्यानचंद की याद मे योगासन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद की याद मे हुआ योगासन प्रतियोगिता का आयोजन।राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर लखनऊ के रेड रोज सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजाजीपुरम ब्रांच मे योगासन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें रेड रोज की सभी ब्रांच के बच्चों ने योगासन प्रतियोगिता मे भाग लिया।योगासन प्रतियोगिता का आयोजन पांच वर्गों में हुआ प्रतियोगिता की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई।योगासन प्रतियोगिता मे निर्णायक मंडल की भूमिका मे मुख्य अतिथि लोकबंधु नर्सिंग ऑफिसर योगाचार्य पं नवीन और योग शिक्षिका साक्षी सिंह ने निभाई। इस मौके पर रेड रोज स्कूल के फाउंडर मैनेजर मि. आर. सी. मिश्रा, एम. डी. डा. प्रशांत कुमार मिश्रा, चेयरपर्सन डा. स्मिता मिश्रा, प्रधानाचार्या आरती चतुर्वेदी, स्पोर्ट टीचर आशीष शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति रही।योगासन प्रतियोगाता मे प्रथम स्थान शनाया, अदिति वर्मा, रोहित यादव, साक्षी पांडे तथा आर्यन सिंह ने प्राप्त किया।द्वितीय स्थान देवांग शुक्ला, मैत्रयी यादव, समर्थ नागवानी, भूमि सिंह सेंगर तथा योगेंद्र मौर्या ने प्राप्त किया सभी विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया। योगासन प्रतियोगिता के अंत में मुख्य अतिथि योगाचार्य पं नवीन ने बताया की नियमित योगासन करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है और शरीर मे ऊर्जा का संचार होता है। योगासन प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में योग और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।प्रधानाचार्या आरती चतुर्वेदी ने मुख्य अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त किया और खेल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया की खेल हमारे शारीरिक और मानसिक विकास का मुख्य आधार है।खेल हमें मिलकर काम करना और नियमों का पालन करना सिखाता है।




# एक माह तक गूंजता रहा शिव नाम, भंडारे के साथ 16वां अखंड 'ॐ नमः शिवाय' महायज्ञ संपन्न

**30 गांवों की टीमों ने 24-24 घंटे कीर्तन कर की भगवान शिव की आराधना, समापन पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। अटेर में स्थित सिद्धपीठ बराही देवी मंदिर परिसर में पिछले एक माह से चल रहे 16वें अखंड 'ॐ नमः शिवाय' जप-कीर्तन महायज्ञ का शनिवार को विधि-विधान से पूजा-अर्चना और विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। एक माह तक लगातार गूंजते रहे भगवान शिव के जयकारों और 'ॐ नमः शिवाय' के जाप से पूरा मंदिर परिसर ही नहीं, बल्कि आसपास का क्षेत्र भी भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। महायज्ञ में क्षेत्र के 30 गांवों की टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रत्येक टीम ने 24 घंटे तक निर्बाध रूप से 'ॐ नमः शिवाय' का जाप और कीर्तन कर भगवान शिव की आराधना की। दिन-रात चले इस अखंड जप-कीर्तन में श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह देखते ही बना। ग्रामीणों ने बारी-बारी से आयोजन की जिम्मेदारी संभालते हुए धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन के प्रेरणास्रोत अवधेंद्र प्रपन्नाचार्य जी महाराज, अयोध्या धाम रहे। मंदिर समिति के संरक्षक रमेश सिंह चौहान और व्यवस्थापक गुड्डू सिंह के मार्गदर्शन एवं अथक प्रयासों से एक माह तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। महायज्ञ की सफलता में रामकिशोर त्रिपाठी, अनिल त्रिपाठी, अशोक पाण्डेय, विजय सिंह, नीलकमल पाण्डेय और लक्ष्मण खेड़ा निवासी मोनू सिंह समेत अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। समापन दिवस पर मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं समेत क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। आयोजकों ने महायज्ञ को सफल बनाने में सहयोग करने वाली सभी 30 गांवों की टीमों, श्रद्धालुओं, सेवाभावी कार्यकताओं और क्षेत्रवासियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक सहयोग और आस्था से एक माह तक चला यह धार्मिक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

## आज मोहनलालगंज में संविधान बचाओ-आरक्षण बचाओ गोष्ठी

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। समाजवादी पार्टी अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती रविवार को मोहनलालगंज आएंगे उनके नेतृत्व में 'संविधान बचाओ-आरक्षण बचाओ' अभियान के तहत मऊ स्थित कोहिनूर लॉन में दोपहर दो बजे विचार गोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा कार्यक्रम में संविधान की रक्षा, आरक्षण व्यवस्था और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकताओं और उपस्थित लोगों से अभियान के उद्देश्यों तथा आगे की रणनीति पर संवाद करेंगे। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई कार्यक्रम में पार्टी के क्षेत्रीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समर्थकों के शामिल होने की संभावना है।

## नेपाल बाढ़ त्रासदी पर सांस्कृतिक गौरव संस्थान ने जताई संवेदना

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। नेपाल में ग्लेशियर टूटने से आई भीषण बाढ़ की त्रासदी पर सांस्कृतिक गौरव संस्थान के लखनऊ जिलाध्यक्ष संतोष सिंह तिलन ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि दी और पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि नेपाल में आई प्राकृतिक आपदा ने पूरे विश्व को झकझोर दिया है। इस कठिन समय में भारत सहित पूरी दुनिया नेपाल के प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और लापता लोगों के सकुशल मिलने की कामना की। गौरतलब है कि नेपाल में ग्लेशियर टूटने के बाद आई विनाशकारी बाढ़ में अब तक सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है और बड़ी संख्या में लोग लापता बताए जा रहे हैं। रिपोर्टों के अनुसार मृतकों का आंकड़ा 676 तक पहुंच गया है, जबकि करीब 3000 लोग लापता हैं। इनमें 287 भारतीय नागरिकों के भी लापता होने की जानकारी सामने आई है। संतोष सिंह तिलन ने कहा कि प्राकृतिक आपदाएं मानवता की परीक्षा की घड़ी होती हैं। ऐसे समय में जाति, धर्म और सीमाओं से ऊपर उठकर पीड़ितों की सहायता करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने भारत सरकार और राहत-बचाव दलों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए शीघ्र राहत एवं पुनर्वास कार्य की कामना की। उन्होंने सांस्कृतिक गौरव संस्थान के सभी कार्यकताओं से भी अपील की कि वे जरूरतमंदों की सहायता के लिए हर संभव सहयोग की भावना बनाए रखें।

## सब्जी लेकर बाजार जा रहे बुजुर्ग को बाइक ने मारी जोरदार टक्कर , जांच में जुटी पुलिस


महराजगंज, जनपद में घुघली थाना क्षेत्र के पचरुखिया गांव के पास शनिवार को सड़क हादसे में साइकिल सवार 70 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में बाइक चालक भी जख्मी हुआ है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि साइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघली पहुंचाया।

# सड़क के बीच बना ढाई फीट गहरा गड्ढा, हादसे का बना सबब

**एक माह से समस्या बरकरार, स्कूली बच्चों समेत हजारों राहगीर परेशान**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल इलाके के मनभौंना से गगन मार्ग को जोड़ने वाली सड़क पर इन दिनों करीब ढाई फीट गहरा गड्ढा राहगीरों के लिए मुसीबत बना हुआ है। सड़क के बीचोंबीच बने इस गड्ढे के कारण आए दिन राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग की ओर से अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों के मुताबिक, सड़क के बीच बना यह गड्ढा करीब एक महीने से जस का तस है। रात के समय पर्याप्त रोशनी न होने के कारण गड्ढा दिखाई नहीं देता, जिससे हादसे का खतरा और बढ़ जाता है। ग्रामीण बबलू, रामकुमार, प्यार और प्रमोद ने बताया कि कई राहगीर इस गड्ढे में गिरकर चोटिल हो चुके हैं। इसके बावजूद समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह


सड़क पर बना गहरा गड्ढा – फोटो

मार्ग थावर, सैमसी, नई बस्ती समेत दर्जनों गांवों को आपस में जोड़ता है। इस सड़क से स्कूली बच्चों, किसानों, मजदूरों और अन्य ग्रामीणों समेत प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है। सड़क के बीचोंबीच गहरा गड्ढा होने से वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक गड्ढे की मरम्मत नहीं कराई गई। ग्रामीणों ने जिम्मेदार विभाग से सड़क की तत्काल मरम्मत कराने और गड्ढे को भरवाने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

## काउंसिलिंग से सुलझा पति-पत्नी का विवाद, टूटने से बचा परिवार

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। ऑपरेशन किरण के तहत पुलिस उपायुक्त उत्तरी कमिश्नरेट की पहल पर मिशन शक्ति केंद्र रहीमाबाद की टीम ने पारिवारिक विवाद में पति-पत्नी के बीच सफल मध्यस्थता कराकर परिवार को टूटने से बचा लिया। पुलिस की काउंसिलिंग और समझाइश के बाद दोनों ने आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने पर सहमति जताई। मिशन शक्ति केंद्र की टीम और हल्का प्रभारी संध्या पटेल ने पति-पत्नी की समस्याओं को गंभीरता से सुना। दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित कर विवाद की वजह जानने के साथ ही आपसी गलतफहमियां दूर करने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम ने दोनों को पारिवारिक रिश्तों में संवाद, विश्वास और आपसी समझ के महत्व के बारे में समझाया। लगातार काउंसिलिंग और समझाइश के बाद पति-पत्नी के बीच चल रहा मनमुटाव दूर हुआ। दोनों पक्षों ने अपनी शिकायतों और मतभेदों को पीछे छोड़ते हुए आपसी सहमति से दोबारा साथ रहने का निर्णय लिया। मिशन शक्ति केंद्र की टीम ने दोनों पक्षों के बीच सुलह-समझौता कराकर उन्हें प्रेम, सौहार्द और विश्वास के साथ पारिवारिक जीवन आगे बढ़ाने की सलाह दी। पुलिस के मुताबिक, ऑपरेशन किरण का उद्देश्य पारिवारिक विवादों में संवाद और काउंसिलिंग के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान कर परिवारों को टूटने से बचाना है। इसके साथ ही लोगों को आपसी समझ और विश्वास बनाए रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## भाजपा मंडल मंत्री के घर लाखों की चोरी

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। रक्षाबंधन पर परिवार सहित रिश्तेदारी में गई भाजपा मंडल मंत्री के बंद मकान का ताला तोड़कर चोर लाखों रुपये के जेवर और नगदी समेट ले गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी कोतवाली क्षेत्र के फुलवरिया मोड़ निवासी भाजपा मंडल मंत्री विमलेश शर्मा शनिवार रात अपनी मां और परिवार के साथ मौसी के घर रक्षाबंधन का त्योहार मनाने गई थीं देर रात चोरों ने सूने मकान के मुख्य गेट और कमरे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया इसके बाद अलमारी और बक्से में रखे बहू के सोने-चांदी के जेवर,नगदी समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए पड़ोसी ने मकान का ताला टूटा देखा तो इसकी सूचना विमलेश शर्मा को दी जानकारी मिलते ही वह परिवार के साथ घर पहुंचीं अंदर का सामान बिखरा पड़ा देखकर चोरी की जानकारी पुलिस को दी गई सूचना पर मोहनलालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए पुलिस ने परिजनों से चोरी गए सामान का विवरण लिया चोरी गए माल की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही हालांकि अंतिम आकलन किया जा रहा पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## पेट्रोल पंप संचालकों से मारपीट पर भड़का आक्रोश, पुलिस कमिश्नर से मिले डीलर्स

**तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग, आश्वासन के बाद भी कार्रवाई न होने पर हड़ताल की चेतावनी**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पेट्रोल पंप संचालकों और कर्मचारियों के साथ लगातार हो रही मारपीट की घटनाओं को लेकर पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन ने शनिवार को पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा से मुलाकात कर नाराजगी जताई। एसोसिएशन के माल निवासी चेयरमैन वीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस कमिश्नर को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर पेट्रोल पंपों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कराने और आरोपितों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि हाल के दिनों में अमौसी स्थित अश्विन ऊर्जा एचपी पेट्रोल पंप, आईआईएम रोड स्थित एडहॉक सुधा फिलिंग और हरदोई रोड दुबग्गा स्थित बीपीसीएल पेट्रोल पंप पर मारपीट की घटनाएं सामने आई हैं। आरोप है कि कई मामलों में शिकायत के बावजूद संबंधित थानों में समय से एफआईआर दर्ज नहीं की गई। बैठक के दौरान पेट्रोल पंप संचालकों ने अपनी प्रमुख समस्याएं पुलिस कमिश्नर के सामने रखीं। इनमें पेट्रोल-डीजल भराने के बाद बिना भुगतान किए वाहन लेकर भाग जाना, बोतल या अन्य पात्र में पेट्रोल देने से मना करने पर ग्राहकों द्वारा कर्मचारियों से अभद्रता और मारपीट करना तथा घटनाओं के बाद पुलिस की कार्रवाई में देरी जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। पेट्रोल डीलर्स ने कहा कि पंप कर्मचारी अपनी ड्यूटी के दौरान ग्राहकों की सुरक्षा और शासन के नियमों का पालन करते हैं, लेकिन नियमों के तहत बोतल में पेट्रोल देने से मना करने पर कई बार उन्हें ही ग्राहकों के आक्रोश का सामना करना पड़ता है। इससे कर्मचारियों में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने बैठक के दौरान ही संबंधित अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर आवश्यक निर्देश जारी किए। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि पेट्रोल पंप संचालकों और कर्मचारियों के साथ हुई घटनाओं में प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश नहीं लगा, तो संगठन पेट्रोल पंप बंद कर हड़ताल करने का निर्णय लेने को मजबूर होगा।

## सात दिन में पंजाब से मिले दो गुमशुदा नाबालिग, मोहनलालगंज पुलिस ने सकुशल किया बरामद

अमन लेखनी समाचार




मोहनलालगंज। मोहनलालगंज पुलिस ने गुमशुदा दो नाबालिग लड़कों को सात दिन के भीतर पंजाब से सकुशल बरामद कर लिया दोनों लड़के सासनगर (मोहाली) जिले में अपनी बुआ के घर पर मिले पुलिस ने उन्हें सुरक्षित लाकर आश्रयालय के सुपुर्द कर दिया। मोहनलालगंज थाना प्रभारी राम बाबू सिंह ने बताया कि 18 अगस्त को डॉन बॉस्को आश्रयालय के डायरेक्टर बिमल क्रेकेटा ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि आश्रयालय में रहने वाले 14 और 13 वर्षीय दो नाबालिग बिना बताए कहीं चले गए तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की गई मामले के खुलासे के लिए दो पुलिस टीमों का गठन किया गया सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मैनुअल जांच के आधार पर पुलिस को दोनों नाबालिगों के पंजाब में होने की जानकारी मिली इसके बाद मोहनलालगंज पुलिस की टीम सिटी खरड़ थाना क्षेत्र, जिला सासनगर (पंजाब) पहुंची। स्थानीय पुलिस की मदद से दोनों को उनकी बुआ के घर से सकुशल बरामद कर लिया गया। पूछताछ में दोनों नाबालिगों ने बताया कि उन्हें डॉन बॉस्को आश्रयालय में अच्छा नहीं लग रहा था। इसी कारण 18 अगस्त की रात मौका देखकर वे वहां से निकल गए और पंजाब में रहने वाली अपनी बुआ के घर पहुंच गए थे। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी मोहम्मद मुश्ताक के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी रल्लापल्ली वसंथ कुमार तथा सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक राम बाबू सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के बाद दोनों नाबालिगों को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आश्रयालय के सुपुर्द कर दिया गया।

## पुरहिया की शांभवी को BBAU में गोल्ड मेडल, क्षेत्र का बढ़ाया मान

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां क्षेत्र के पुरहिया गांव की बेटी शांभवी दीक्षित ने शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय (बीबीएयू), लखनऊ में गोल्ड मेडल हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। शनिवार को विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में समाजशास्त्र विभाग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें वर्ष 2026 का गोल्ड मेडल प्रदान किया गया शांभवी, पुरहिया गांव निवासी पंकज दीक्षित 'अरविंद' और रीता दीक्षित की पुत्री साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाली शांभवी ने कठिन परिश्रम और लगन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की इससे पहले उन्होंने इंटरमीडिएट परीक्षा में 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे समाजशास्त्र विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विश्वविद्यालय ने उन्हें गोल्ड मेडल के लिए चयनित किया सम्मान मिलने की सूचना के बाद परिवार में खुशी का माहौल माता-पिता ने इसे बेटी की मेहनत और समर्पण का परिणाम बताते हुए गर्व व्यक्त किया। वहीं, पुरहिया गांव सहित पूरे निगोहां क्षेत्र में भी खुशी की लहर है। ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने शांभवी को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता क्षेत्र की बेटियों और युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

## अनाथ भाइयों की मदद को बढ़े जनप्रतिनिधियों के हाथ

**सांसद आरके चौधरी ने दी आर्थिक सहायता पूर्व विधायक अम्बरीष पुष्कर ने गृहस्थी का सामान उपलब्ध कराया,पढ़ाई का भी दिलाया भरोसा**

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। माता-पिता के निधन के बाद बेसहारा हुए दो मासूम भाइयों की मदद के लिए शनिवार को मोहनलालगंज के सांसद आरके चौधरी और पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर उनके घर पहुंचे दोनों ने बच्चों को आर्थिक सहायता, राशन,कपड़े और गृहस्थी का आवश्यक सामान उपलब्ध कराया। साथ ही उनकी शिक्षा बिना किसी बाधा के जारी रखने का आश्वासन भी दिया ब्लॉक गोसाईगंज के कस्बा अमेठी स्थित अब्बासी वार्ड निवासी 12 वर्षीय आकाश और सात वर्षीय विकास के पिता परीदीन का करीब एक वर्ष पहले निधन हो गया था इसके बाद दो माह पूर्व उनकी मां की भी मौत हो गई माता-पिता के निधन से दोनों भाई अनाथ होकर कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन करने को मजबूर राजेश रावत ने बच्चों की स्थिति से सांसद आरके चौधरी और पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर को अवगत कराया। सूचना मिलते ही दोनों जनप्रतिनिधि बच्चों के घर पहुंचे और उनका हालचाल जानने के साथ हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया सांसद आरके चौधरी ने बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए कहा कि जरूरत पड़ने पर भविष्य में भी हरसंभव सहयोग किया जाएगा। वहीं पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने राशन, कपड़े और गृहस्थी का जरूरी सामान उपलब्ध कराया उन्होंने स्थानीय सभासद को निर्देश दिए कि बच्चों की पढ़ाई नियमित रूप से जारी रहे तथा समय-समय पर उनकी स्थिति की जानकारी उन्हें उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि आर्थिक अभाव बच्चों की शिक्षा में बाधा नहीं बनने दिया जाएगा दोनों जनप्रतिनिधियों की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए समाज से भी आगे आने की अपील की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि उमाशंकर वर्मा,अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव संतोष रावत, गंगादीन रावत, उदयभान यादव,वारसून खातून, विनोद कुमार रावत, अशर्फी लाल धीमान, हरीशंकर रावत, अनीद अहमद, शुभम रावत, धर्मेंद्र यादव, मोहन प्रधान सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## राखी पर 1689 बंदियों से मिलीं 3491 बहनें

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। रक्षाबंधन के पर्व पर गोसाईगंज स्थित जिला कारागार, लखनऊ में शनिवार को भावनात्मक माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में पहुंचीं बहनों ने बंदी भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और शीघ्र रिहाई की कामना की मुलाकात के दौरान कई बहनों और बंदियों की आंखें नम हो गईं। जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी ने बताया कि रक्षाबंधन पर 1689 पुरुष बंदियों से 3491 महिलाओं ने मुलाकात कर राखी बांधी इसके अलावा 1021 बच्चे भी अपने परिजनों से मिलने कारागार पहुंचे बंदियों ने बहनों को विश्वास दिलाया कि भविष्य में अपराध से दूर रहकर बेहतर जीवन जीने का प्रयास करेंगे मुलाकात के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो,इसके लिए जेल प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए थे कारागार के बाहर हेल्प डेस्क स्थापित कर टोकन वितरण,पर्ची और मुलाकात प्रक्रिया की जानकारी दी गई गर्मी को देखते हुए टेंट, बैठने की व्यवस्था,स्वच्छ पेयजल,मिष्ठान और कोल्ड ड्रिंक की सुविधा उपलब्ध कराई गई मेडिकल डेस्क पर चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ भी तैनात रहा। जिन बहनों के पास राखी,रोली,अक्षत अथवा मिठाई नहीं थी उन्हें जेल प्रशासन की ओर से पूजन सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराई गई वरिष्ठ अधीक्षक आरके जायसवाल की निगरानी में कारागार कर्मियों ने पूरे आयोजन की व्यवस्थाएं संभालीं। बेहतर प्रबंधन और सुविधाओं को लेकर मुलाकातियों ने जेल प्रशासन की सराहना की।

## संक्षेप

### सियार के हमले में घायल हुए अधेड़ की इलाज के अभाव में हुई मौत

बांगरमऊ, उन्नाव। सियार के हमले में घायल अधेड़ की इलाज के अभाव में शनिवार को मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। मौत के बाद परिजन पुलिस को सूचना दिए बिना शव को लेकर घर चले गए। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गांव अशायस निवासी 53 वर्षीय अहिवरन पुत्र लक्ष्मण करीब एक माह पूर्व खेत में खड़ी फसल में कुछ कार्य कर रहा था। इसी दौरान उस पर जंगली सियार ने हमला कर दिया था। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल ने सरकारी अस्पताल पहुंचकर एंटी रैबीज इंजेक्शन नहीं लगवाया बल्कि गांव में ही किसी झोलाछाप से मरहम पट्टी करवाई थी। करीब एक सप्ताह पूर्व उसकी हालत बिगड़ गयी। फिर भी उसने कोई ध्यान नहीं दिया। आज शनिवार को हालत नाजुक होने पर परिजन मरणासन्न हालत में उसे लेकर यहाँ अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन शव लेकर घर को चले गए। मृतक अविवाहित था। उसके पत्नी बच्चे नहीं है। इस अवस्था में इलाज हेतु पारिवारिक सदस्यों द्वारा ध्यान नहीं दिया गया।

### दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, एक युवक की मौत, दो की हालत गंभीर

सफीपुर, उन्नाव। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार देर रात सकहन राजपूतान-अतहा मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान सआदतनगर गांव निवासी सत्यम तिवारी (27) के रूप में हुई है। सत्यम गहोली गांव में कॉस्मेटिक की दुकान चलाता था। शुक्रवार देर रात वह दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहा था। फाजिलपुर गांव से कुछ दूरी पहले उसकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई।दूसरी बाइक पर मरौंदा गांव निवासी 17 वर्षीय विजेंद्र पुत्र रामशंकर और 17 वर्षीय सुमित पुत्र रामऔतार सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने सत्यम तिवारी को मृत घोषित कर दिया, जबकि विजेंद्र और सुमित की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज जारी है।हादसे की खबर मिलते ही परिवार के लोग सीएचसी सफीपुर पहुंच गए। सत्यम की मौत की खबर सुनकर मां नीलम बदहवास हो गईं। छोटे भाई शशांक तिवारी और विवाहित बहनों प्रतीक्षा, मानसी व राधा का रो-रोकर बुरा हाल रहा। अस्पताल परिसर में परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष संदीप मिश्रा ने बताया कि हादसे में एक युवक की मौत हुई है और दो घायल हैं। परिजनों की तहरीर मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# मौसम के बदलाव चलते अस्पताल की ओपीडी में उमड़ी भीड़, हजार से अधिक मरीज पहुंचे

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। मौसम में बदलाव और उमस के चलते वायरल संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ गए हैं। शनिवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिली। अस्पताल खुलते ही पर्चा काउंटर और डॉक्टरों के कमरों के बाहर लंबी कतारें लग गई। शनिवार को ओपीडी में एक हजार से अधिक मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें ज्यादातर जुकाम, बुखार और वायरल के लक्षण लेकर आए थे। शनिवार को सामान्य दिनों की तुलना में मरीजों की संख्या काफी ज्यादा रही। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी उम्र के लोग सर्दी-जुकाम, बुखार, बदन दर्द, कमजोरी और गले में खराश की शिकायत लेकर पहुंचे। कई मरीजों ने बताया कि दो-तीन दिन से बुखार है और घरेलू उपचार से आराम न मिलने पर अस्पताल आना पड़ा। चिकित्सकों के अनुसार बदलते मौसम में वायरल संक्रमण तेजी से फैलता है और भीड़भाड़ वाली जगहों पर इसका खतरा और बढ़ जाता है। ओपीडी में पहुंचे मरीजों की गहन जांच कर लक्षणों के आधार पर इलाज शुरू किया गया। डॉ. शोभित अग्निहोत्री और डॉ. कौशलेंद्र ने मरीजों को देखकर जरूरी दवाएं दीं और पर्याप्त आराम करने व अधिक पानी पीने की सलाह दी। डॉक्टरों ने लोगों से अपील की है कि बुखार आने पर बिना सलाह के दवा न लें। खासकर बच्चों और बुजुर्गों में तेज बुखार, सांस लेने में तकलीफ या ज्यादा कमजोरी दिखे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। एक हजार से अधिक मरीजों के आने से पंजीकरण काउंटर से लेकर डॉक्टरों के कक्षों तक दबाव दिखा और कई मरीजों को अपनी बारी के लिए देर तक इंतजार करना पड़ा। इसके बावजूद चिकित्सक लगातार मरीजों के इलाज में जुटे रहे। स्वास्थ्य विभाग ने बारिश और उमस के बाद संक्रमण बढ़ने की आशंका जताते हुए लोगों को साफ-सफाई रखने, दूषित पानी और खुले में रखे खाने से बचने और भीड़भाड़ में सावधानी बरतने की सलाह दी है।

## शारदा नहर में डूबने से युवक की मौत



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के मुर्तजानगर गांव में शारदा नहर में डूबने से 21 वर्षीय युवक राम खिलावन की मौत हो गई। यह घटना शनिवार दोपहर करीब एक बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मृतक राम खिलावन मुर्तजानगर गांव का निवासी था। ग्रामीणों ने युवक को नहर में दो बार डूबते हुए देखा और उसे बाहर निकालकर बचाया भी था। हालांकि, इसके बाद युवक दोबारा नहर में चला गया और इस बार बीच धारा में डूब गया। काफी देर तक युवक का पता नहीं चलने पर ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान युवक का शव नहर किनारे झाड़ियों में मिला।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एसडीएम ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण, मिली खामियों पर जताई नाराजगी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुरवा तहसील के उप जिलाधिकारी दिग्विजय सिंह ने शुक्रवार 29 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरवा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सीएचसी अधीक्षक डॉ प्रमोद कुमार मौजूद मिले। एसडीएम दिग्विजय सिंह ने उपस्थिति पंजिका की जांच की। अस्पताल में कुल 6 चिकित्सक तैनात हैं - डॉ अभिषेक प्रियदर्शी, डॉ मनीषा अवस्थी, डॉ राहुल बिहारी, डॉ आदर्श सचान, डॉ उमेन्द्र कुमार सिंह और डॉ तपन गुप्ता। जानकारी में पता चला कि डॉ मनीषा अवस्थी न्यायालय में सुनवाई के लिए गई हुई हैं। अस्पताल में कुल 22 संविदाकर्मी भी कार्यरत हैं। एसडीएम दिग्विजय सिंह ने अस्पताल परिसर का भ्रमण किया तो मरीजों के पीने के पानी की जगह पर काफी गंदगी मिली। अस्पताल की बिल्डिंग भी जर्जर मिली। एसडीएम ने मरम्मत कराने की आवश्यकता बताई। एसडीएम दिग्विजय सिंह ने सीबी नॉट और ट्रूनॉट जांच कक्ष देखा, जहां मरीजों की बलगम जांच होती है। नेत्र कक्ष में डॉ अनिल द्वारा मरीजों को देखा जाता है। मरीज तारावती ने एसडीएम को बताया कि कई दवाएं अस्पताल में नहीं मिलतीं और बाहर से लेनी पड़ती हैं।एसडीएम दिग्विजय सिंह जब एक्स-रे कक्ष में पहुंचे तो वहां गंदगी मिली और पंखा खराब मिला। उन्होंने तुरंत ठीक कराने के निर्देश दिए। गायनोलॉजिस्ट कक्ष में ओटी है, जहां डॉ आदर्श सचान प्रसव कराते हैं। डॉक्टर ने बताया कि 90 प्रतिशत नॉर्मल और 10 प्रतिशत ऑपरेशन से डिलीवरी कराने का प्रयास किया जाता है। एसडीएम दिग्विजय सिंह ने ओपीडी कक्ष का भी निरीक्षण किया, जहां एक रुपये में पर्ची बनती है। मरीजों ने बताया कि एक रुपये ही लिया जाता है। हिम्मतपुर निवासी महेन्द्र कुमार ने एसडीएम को बताया कि पिता की जांच अस्पताल में नहीं हो पाई और बाहर से कराने को कहा गया। आयुष्मान कक्ष, हैंडपंप, कक्ष संख्या 1 और 4, रसोई कक्ष व दवा स्टॉक रूम का भी एसडीएम दिग्विजय सिंह ने निरीक्षण किया। परिसर में खराब हैंडपंप, कीचड़, जलभराव और ऑनलाइन पोर्टल पर दवा की एंट्री न होने पर एसडीएम दिग्विजय सिंह ने नाराजगी जताई और नगर पंचायत व संबंधित कर्मचारियों को जल्द व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

## झोलाछापों के भरोसे जिंदगी इलाज के बाद 6 वर्षीय बच्ची की मौत से मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। जिले में कथित झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई महज कागजी साबित होती नजर आ रही है। ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में बिना पर्याप्त चिकित्सकीय योग्यता के क्लीनिक संचालित किए जाने के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी समय रहते ऐसे लोगों पर शिकंजा कसने के बजाय किसी बड़ी घटना का इंतजार करते दिखाई दे रहे हैं। बांगरमऊ नगर के मोहल्ला गढ़ी में इलाज के बाद छह वर्षीय बच्ची की मौत के मामले ने एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।बताया गया कि बांगरमऊ निवासी विनय कुमार अपनी छह वर्षीय बेटी को मामूली बुखार होने पर इलाज के लिए मोहल्ला गढ़ी में कथित रूप से क्लीनिक चला रहे रहीस के पास लेकर पहुंचे थे। परिजनों का आरोप है कि बच्ची का वहां इलाज किया गया। इलाज के कुछ ही समय बाद उसकी हालत अचानक बिगड़ गई और उसकी सांसें थम गईं।परिजनों के मुताबिक, जब बच्ची की हालत गंभीर हुई तो कथित चिकित्सक ने उसे किसी दूसरे स्थान पर इलाज कराने की बात कहकर वहां से भेज दिया। इसके बाद पिता बच्ची को लेकर बांगरमऊ के सरकारी अस्पताल पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया।मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता ने कथित झोलाछाप डॉक्टर पर गलत इलाज किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। हालांकि बच्ची की मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। स्थानीय लोगों का दावा है कि कथित चिकित्सक रहीस लंबे समय से निजी क्लीनिक संचालित कर रहा है। लोगों के मुताबिक, उसके यहां इलाज को लेकर पहले भी शिकायतें सामने आती रही हैं।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर लोटना स्टेडियम में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की पावन स्मृति में मनाए जाने वाले 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के अवसर पर युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग उन्नाव द्वारा विकास खंड हिलौली स्थित ग्रामीण स्टेडियम लोटना एवं बचुवाखेड़ा में खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया।

शनिवार को खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी हिमांशु राव द्वारा मेजर ध्यानचंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों व युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय खेल दिवस के उद्देश्य तथा जीवन में खेल और फिटनेस के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत स्टेडियम में मौजूद सभी खिलाड़ियों ने दैनिक जीवन में फिटनेस बनाए रखने हेतु शपथ ग्रहण की। आयोजन के अंतर्गत कोरटगंज और लोटना की टीमों के मध्य तीन सेटों का रोमांचक मैत्री वॉलीबॉल मैच खेला गया। दोनों ही टीमों ने उत्कृष्ट खेल भावना और कौशल का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबले में कोरटगंज की टीम विजयी रही, वहीं लोटना की टीम उपविजेता बनी।इस अवसर पर स्थानीय युवा संस्था 'लोटना विकास मंच' के अध्यक्ष सरोज रावत, स्टेट लेवल खिलाड़ी अनुराग, शुभम, पीआरडी जवान सुशील, शिवकरन सहित अन्य सहयोगी खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## चचेरे भाई की अस्थियां विसर्जित करने गया युवक गंगा में डूबा शव बरामद

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। चचेरे भाई की अस्थियां विसर्जित करने गया युवक गंगा की उपधारा में पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया। काफी देर तक खोजबीन के बाद उसका शव बरामद किया गया।हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के खुसरूपुर गांव के मजरा लोखरियन खेड़ा निवासी मुनेश्वर उर्फ पूरन (40) पुत्र रामभजन के चचेरे भाई सोनेलाल का शुक्रवार को निधन हो गया था। शनिवार को मुनेश्वर अपने भतीजों विनोद, सनोज और प्रमोद के साथ दबौली गांव के पास गंगा की उपधारा में सोनेलाल की अस्थियां विसर्जित करने गया था।इसी दौरान अचानक मुनेश्वर का पैर दलदल में फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। मुनेश्वर के काफी देर तक पानी से बाहर न आने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। नाव के माध्यम से उसकी तलाश शुरू की गई। करीब एक घंटे की खोजबीन के बाद उसका शव बरामद हो सका। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू की।प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।मृतक अविवाहित था और तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह खेती-किसानी कर अपना जीवन यापन करता था। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अतिवृष्टि से नुकसान पर एमएलसी ने मांगा सर्वे, 48 घंटे में मुआवजा देने की मांग

## रमा निरंजन ने एसडीएम को सौंपा पत्र

अमन लेखनी समाचार




गरौठा। तहसील क्षेत्र में लगातार बारिश और अतिवृष्टि से हुए नुकसान को लेकर विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन ने उपजिलाधिकारी गरौठा को पत्र देकर प्रभावित गांवों में तत्काल सर्वे कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि से कई मकान क्षतिग्रस्त होने के साथ किसानों की खरीफ फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने लेखपालों के माध्यम से सभी गांवों का प्राथमिकता के आधार पर सर्वे कराने और क्षतिग्रस्त परिवारों को 48 घंटे के भीतर मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही पूर्व में मुआवजा प्राप्त कर चुके गांवों की सूची उपलब्ध कराने को कहा, ताकि प्रभावित गांव सर्वे से वंचित न रहें। पत्र में खरीफ फसलों के नुकसान का भी सर्वे कर किसानों को शत-प्रतिशत मुआवजा दिलाने का प्रस्ताव शासन को शीघ्र भेजने की मांग की गई है। उन्होंने अधिकारियों से सर्वे और मुआवजा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने को कहा। इस मौके पर तहसीलदार राधा पालीवाल, एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रावेंद्र मिश्रा,पुष्पेंद्र पटेल भड़ोकर, अनुज द्विवेदी प्रधान नागर, पुष्पेंद्र दुबे मंडल अध्यक्ष बामौर, हरप्रसाद पटेल सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप


अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र के कीर्तिखेड़ा नवाबगंज गांव में शनिवार को एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आशंका है कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया था। मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान बबली 34 वर्ष पत्नी सुशील के रूप में हुई है। बबली की ससुराल पुरवा क्षेत्र के बैगांव मगतखेड़ा गांव में है, लेकिन पिछले लगभग एक साल से वह अजगैन थाना क्षेत्र के कीर्तिखेड़ा नवाबगंज गांव स्थित अपने मायके में रह रही थी और यह घटना भी अजगैन थाना क्षेत्र के कीर्तिखेड़ा नवाबगंज गांव में ही हुई है।बबली की शादी करीब आठ साल पहले हुई थी, उसके दो बच्चे हैं - एक बेटी और एक बेटा। पति सुशील दिल्ली में काम करता है और करीब दो महीने पहले दिल्ली गया था। पति-पत्नी के बीच अनबन के चलते बबली अजगैन थाना क्षेत्र के मायके में रह रही थी।बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले सुशील अजगैन थाना क्षेत्र के कीर्तिखेड़ा नवाबगंज गांव आया था, फिर दोनों में विवाद हुआ और वह वापस दिल्ली चला गया। शनिवार को अचानक बबली की तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई।मृतका के पिता का आरोप है कि बेटी ने आत्महत्या नहीं की, उसकी हत्या की गई है। अजगैन थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का सही कारण पता चलेगा और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मेजर ध्यानचंद जयंती के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में खेल दिवस का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव।मेजर ध्यानचंद जयंती के उपलक्ष में इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में खेल दिवस का आयोजन किया गया।युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तहत फिट इंडिया मूवमेंट, खेलेगा भारत, जीतेगा भारत थीम के साथ हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को प्राचार्य डॉक्टर दिग्विजय नारायण द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा मेजर ध्यान चंद ने अपने जीवन में 1000 से अधिक गोल किए है। जब वे मैदान पर उतरते थे तब ऐसा प्रतीत होता है कि गेंद उनकी स्टिक से चिपक गई है। उन्हें पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वे सभी खिलाडियों के प्रेरणा स्त्रोत है। खेल और गतिविधि के अंतर्गत महाविद्यालय में पारंपरिक खेल रस्साकसी का आयोजन छात्र एवं छात्रा वर्ग में कराया गया। इसी क्रम में छात्र वर्ग एवं छात्रा वर्ग में बैडमिंटन प्रतियोगिता भी करवाई गई। जीतने वाली टीमों को प्राचार्य ने आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ सविता राजन डॉ किरण, डॉ हरिओम दिवाकर, डॉ अभय राजपूत, डॉ शैलजा त्रिपाठी समस्त कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समस्त कार्यक्रम डॉ अभिषेक कुमार व डॉ धर्मेंद्र द्विवेदी के मार्गदर्शन में कराए गए।

# मैच देखने की बात कहकर घर से निकले किशोर का अगले दिन हौज में मिला शव

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट थाना क्षेत्र के बदुआखेड़ा गांव के पास फैक्ट्री एरिया में मिला शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका; पुलिस जांच में जुटीगंगाघाट थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब बदुआखेड़ा गांव के पास फैक्ट्री एरिया में बनी पानी की हौज में नौ वर्षीय बच्चे का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान बदुआखेड़ा निवासी प्रेमपाल मल्लाह के बेटे हर्ष के रूप में हुई। हर्ष शुक्रवार शाम करीब 4:30 बजे घर से मैच देखने की बात कहकर निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार को हौज में उसका शव मिलने की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बच्चे की हत्या किए जाने की आशंका जताई है।

### मैच देखने की बात कहकर निकला था घर से

परिजनों के मुताबिक हर्ष शुक्रवार शाम करीब 4:30 बजे घर से निकला था। उसने परिवार के लोगों से मैच देखने जाने की बात कही थी। सामान्य तौर पर कुछ समय बाद घर लौटने वाले हर्ष के देर रात तक वापस नहीं आने पर परिजन चिंतित हो गए। पहले परिवार के लोगों ने आसपास और परिचितों के यहां उसकी तलाश की।इसके बाद गांव और आसपास के इलाकों में भी खोजबीन की गई, लेकिन बच्चे का कहीं पता नहीं चला।रात बीतने के बाद भी हर्ष के वापस नहीं आने से परिवार की चिंता बढ़ती गई। परिजन लगातार उसकी तलाश में जुटे रहे। इसी बीच शनिवार दोपहर फैक्ट्री एरिया के पास पानी की हौज में बच्चे का शव पड़े होने की जानकारी ग्रामीणों को हुई।

### हौज में शव मिलने से मचा हड़कंप

शनिवार दोपहर करीब 3:30 बजे पानी की हौज में बच्चे का शव मिलने की खबर तेजी से आसपास फैल गई। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर गंगाघाट थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बच्चे के शव को हौज से बाहर निकलवाया। शव की पहचान हर्ष के रूप में होने के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। बेटे का शव देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना के बाद गांव में भी मातम का माहौल है।

### घटनास्थल का निरीक्षण, जुटाए जा रहे साक्ष्य

पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। हौज के आसपास की स्थिति देखने के साथ ही पुलिस ने यह जानने का प्रयास किया कि बच्चा वहां तक कैसे पहुंचा। पुलिस बच्चे के घर से निकलने के बाद उसकी गतिविधियों की जानकारी जुटा रही है। इसके अलावा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि हर्ष शुक्रवार शाम घर से निकलने के बाद किन रास्तों से गया और उसके साथ कौन-कौन लोग थे। पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है।

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

हर्ष के परिजनों ने उसकी हत्या किए जाने की आशंका जताई है। परिवार का कहना है कि बच्चा मैच देखने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद उसका अचानक लापता होना और अगले दिन पानी की हौज में शव मिलना कई सवाल खड़े कर रहा है। परिजनों ने पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर घटना की सच्चाई सामने लाने की मांग की है। हालांकि पुलिस का कहना है कि अभी बच्चे की मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।पुलिस परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों को भी गंभीरता से ले रही है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा मौत का कारण

पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। रिपोर्ट में डूबने, चोट या किसी अन्य कारण से मौत होने की स्थिति सामने आने के बाद जांच को उसी दिशा में आगे बढ़ाया जाएगा।पुलिस हर्ष के घर से निकलने के समय से लेकर शव मिलने तक की पूरी कड़ी जोड़ने में जुटी है। उसके संपर्क में आए लोगों, संभावित रास्तों और घटनास्थल के आसपास की गतिविधियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

### कई सवालों के जवाब तलाश रही पुलिस

नौ वर्षीय बच्चे का शव पानी की हौज में मिलने के बाद पुलिस के सामने कई सवाल हैं। हर्ष घर से निकलने के बाद फैक्ट्री एरिया तक कैसे पहुंचा? क्या वह अकेला वहां गया था या उसके साथ कोई अन्य व्यक्ति था? हौज में वह किन परिस्थितियों में पहुंचा? क्या यह हादसा है या इसके पीछे कोई आपराधिक घटना है? इन सभी बिंदुओं पर पुलिस जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज और पूछताछ से सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। घटना के बाद से बदुआखेड़ा गांव में शोक का माहौल है और ग्रामीण भी मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

## बारिश व जलभराव के चलते कक्षा एक से आठ तक के विद्यालय रहे बंद

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिले में लगातार हो रही बारिश और कई इलाकों में जलभराव की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर शनिवार, 29 अगस्त को कक्षा एक से आठ तक संचालित सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) शैलेश कुमार पाण्डेय ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिले के सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, प्रधानाध्यापकों और प्रबंधकों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

बीएसए की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि जिलाधिकारी के मौखिक निर्देशों के अनुपालन में अतिवृष्टि को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आदेश के अनुसार, जनपद में संचालित समस्त परिषदीय विद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय तथा सभी बोर्डों से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शनिवार 29 अगस्त को कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश रहेगा।

बारिश के कारण कई क्षेत्रों में जलभराव

जिले में पिछले कई दिनों से रुक-रुककर बारिश का सिलसिला जारी है। लगातार बारिश के कारण शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। निचले इलाकों में पानी जमा होने के साथ ही ग्रामीण मार्गों पर भी आवागमन प्रभावित हुआ है। कई जगहों पर लोगों को जलभराव और कीचड़ के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है।

मौसम की प्रतिकूल स्थिति को देखते हुए छोटे बच्चों को विद्यालय आने-जाने में होने वाली परेशानी और संभावित जोखिम को ध्यान में रखा गया। प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाते हुए स्कूलों में अवकाश घोषित करने का निर्णय लिया है।

बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता

प्रशासन के इस फैसले का मुख्य उद्देश्य खराब मौसम के दौरान विद्यार्थियों को अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से रोकना है। बारिश के बीच विद्यालय पहुंचने और छुट्टी के बाद वापस घर लौटने के दौरान बच्चों को जलभराव वाले रास्तों से गुजरना पड़ सकता था। ऐसे में किसी भी अप्रिय स्थिति की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा को प्राथमिकता दी है।

आदेश की अनदेखी पर कार्रवाई की चेतावनी

बीएसए ने आदेश में सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, प्रधानाध्यापकों और प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि वे अवकाश संबंधी आदेश का तत्काल प्रभाव से अनुपालन सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर आदेश की अनदेखी किए जाने पर संबंधित विद्यालय के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अभिभावकों को मिली राहत

शनिवार को स्कूल जाने वाले हजारों छोटे बच्चों और उनके अभिभावकों को प्रशासन के इस निर्णय से राहत मिली है। खराब मौसम और जलभराव के बीच बच्चों को विद्यालय भेजने को लेकर अभिभावकों की चिंता भी कम हुई है। प्रशासन ने मौसम की स्थिति को देखते हुए यह कदम पूरी तरह विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर उठाया है।

## सम्पादकीय

# अनियोजित विकास बना महानगरों की चुनौती

बड़े शहर देश में विकास के इंजन माने जाते हैं, लेकिन यही महानगर और बड़े शहर आज अनियोजित विकास का खामियाजा भुगत रहे हैं। दिल्ली-एनसीआर से लेकर मुंबई, चेन्नई, रायपुर, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर से असम तक बारिश ने शहरी व्यवस्था की कमजोरियां उजागर कर दी हैं। कुछ घंटों की बारिश में सड़कें तालाब बन जाती हैं, यातायात ठप हो जाता है, घरों और बाजारों में पानी घुस जाता है। कहीं स्कूल बंद करने पड़ते हैं तो कहीं कंपनियां कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम की सलाह देती हैं। सवाल यह है कि हर साल बारिश से पहले तैयारी के दावे होने के बावजूद हालात सुधर क्यों नहीं रहे? असल समस्या बारिश नहीं, बल्कि बिना भविष्य की जरूरतों का आकलन किए किया गया विकास है। शहरों का विस्तार तेजी से हुआ, लेकिन उसके अनुरूप सीवरेज, ड्रेनेज, जल निकासी, कचरा प्रबंधन और सार्वजनिक परिवहन का विस्तार नहीं हो पाया। कंक्रीट का जंगल बढ़ता गया और जमीन की पानी सोखने की क्षमता घटती गई। प्राकृतिक नाले, तालाब और जलाशय या तो अतिक्रमण की भेंट चढ़ गए या निर्माण के बीच दब गए। नतीजा यह है कि कच्ची जमीन नहीं मिलने से बारिश का पानी अपने स्वाभाविक रास्ते तलाशने के बजाय सड़कों पर जमा होने लगा है। महानगरों की दूसरी बड़ी चुनौती यातायात और प्रदूषण है। सीमित सड़कें, बढ़ती आबादी और निजी वाहनों की संख्या ने जाम को रोजमर्रा की समस्या बना दिया है। बारिश के दौरान जलभराव के कारण स्थिति और विकराल हो जाती है। दुर्भाग्य यह है कि शहरी विकास अक्सर दीर्घकालिक योजना के बजाय तात्कालिक राजनीतिक और प्रशासनिक जरूरतों से संचालित होता है। नई सड़क बना देना या किसी क्षेत्र में निर्माण की अनुमति दे देना आसान है, लेकिन उसके साथ जल निकासी, पार्किंग, सीवरेज, सार्वजनिक परिवहन और पर्यावरणीय संतुलन की व्यवस्था करना कठिन और महंगा है। इसी कठिन काम से बचने का परिणाम आज जनता भुगत रही है। अब शहरों को केवल 'स्मार्ट' बनाने की घोषणाओं से आगे बढ़कर सस्टेनेबल और रेजिलिएंट बनाने की जरूरत है। प्रत्येक शहर के लिए वैज्ञानिक मास्टर प्लान तैयार हो और उसका पालन राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर सुनिश्चित किया जाए। कम से कम अगले 50 वर्षों की आबादी, जल जरूरत, यातायात, जल निकासी और जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखकर योजना तैयार की जाए। जल निकायों और प्राकृतिक नालों को अतिक्रमण से मुक्त कराना भी प्राथमिकता होनी चाहिए। शहरों में अधिक से अधिक खुले और हरित क्षेत्र बनाए जाएं, ताकि बारिश का पानी जमीन में जा सके। पुराने ड्रेनेज सिस्टम की क्षमता बढ़ाने के साथ उसकी नियमित सफाई और निगरानी हो। केवल बारिश आने से पहले नालों की औपचारिक सफाई पर्याप्त नहीं है। महानगरों की मौजूदा स्थिति चेतावनी है कि विकास की रफ्तार से ज्यादा जरूरी उसकी दिशा है। यदि शहरों का विस्तार इसी तरह बिना दूरदर्शिता के होता रहा तो आने वाले वर्षों में जलभराव, जाम, प्रदूषण, पानी की कमी और कचरा प्रबंधन जैसी समस्याएं और गंभीर होंगी। सरकारों को अब घटनाओं के बाद राहत देने की बजाय घटनाओं को रोकने की नीति अपनानी होगी। शहर केवल इमारतों, फ्लाईओवर और चौड़ी सड़कों से नहीं बनते; वे पानी, हवा, हरियाली, परिवहन और नागरिक सुविधाओं के संतुलन से बनते हैं। भविष्य के शहरों की नींव आज रखनी होगी, वरना विकास ही महानगरों के लिए सबसे बड़ी समस्या बन जाएगा।



मुद्दा

सतीश सिंह

# किराए के खातों से पनपता साइबर अपराध

**साइबर अपराधी ठगी के लिए किराए के खाते का इस्तेमाल करते हैं, ताकि उनकी पहचान छिपी रहे। ऐसे किराए के खातों को 'म्यूल खाता' कहा जाता है। आज निवेश, डिजिटल गिरफ्तारी, ऑनलाइन नौकरी, पार्सल, ऋण, गेमिंग और फर्जी कारोबारी योजनाओं से जुड़ी ठगी में म्यूल खाते अपराधियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण हथियार होते हैं। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र यानी आई 4सी के अनुसार 30 जून, 2026 तक 32 .08 लाख म्यूल खातों की जानकारी संबंधित संस्थाओं से साझा की गई, और कई मामलों में समय पर सूचना मिलने के कारण 25,698 करोड़ रुपये के अवैध लेन-देन पर रोक लगाने में सफलता मिली। 'म्यूल' का सामान्य अर्थ भार उठाने वाले खच्चर से है।**

डिजिटल भुगतान ने बैंकिंग को तेज, सुविधाजनक और सर्वसुलभ बनाया है, लेकिन इसके साथ वित्तीय अपराध के तरीके भी बदल गए हैं। साइबर अपराधी ठगी के लिए किराए के खाते का इस्तेमाल करते हैं, ताकि उनकी पहचान छिपी रहे। ऐसे किराए के खातों को 'म्यूल खाता' कहा जाता है। आज निवेश, डिजिटल गिरफ्तारी, ऑनलाइन नौकरी, पार्सल, ऋण, गेमिंग और फर्जी कारोबारी योजनाओं से जुड़ी ठगी में म्यूल खाते अपराधियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण हथियार होते हैं। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र यानी आई4सी के अनुसार 30 जून, 2026 तक 32.08 लाख म्यूल खातों की जानकारी संबंधित संस्थाओं से साझा की गई, और कई मामलों में समय पर सूचना मिलने के कारण 25,698 करोड़ रुपये के अवैध लेन-देन पर रोक लगाने में सफलता मिली। 'म्यूल' का सामान्य अर्थ भार उठाने वाले खच्चर से है। इसी से बना 'मनी म्यूल' शब्द उस व्यक्ति के लिए प्रयोग होता है, जो अपने बैंक खाते में जमा अवैध धन को देश और दुनिया के किसी भी कोने में पहुंचाने का माध्यम बनता है। आम तौर पर ऐसे किराए के खाते में जमा अवैध पैसे दूसरे खाते या डिजिटल वॉलेट, या आभासी मुद्रा के रूप (डिजिटल या क्रिप्टोकरेंसी) में परिवर्तित किए जाते हैं।

दरअसल, कुछ लोग कमीशन या थोड़े से पैसे के लालच में अपना खाता, एटीएम कार्ड, चेकबुक, सिम कार्ड, यूपीआई पहचान और इंटरनेट बैंकिंग संबंधी विवरण अपराधियों को सौंप देते हैं। वहीं, कुछ बेरोजगार युवाओं, विद्यार्थियों, आर्थिक रूप से कमजोर लोगों और छोटे कारोबारियों को नौकरी, ऋण या निवेश का झांसा देकर फंसाया जाता है, जबकि कुछ व्यक्तियों के दस्तावेज चोरी कर या गलत तरीके से हासिल करके उनके नाम से खाते खोल दिए जाते हैं। यानी कि कोई जानबूझकर अपराध में सहयोग करता है, तो कोई अनजाने में उसका हिस्सा बन जाता है। म्यूल खातों की बढ़ती संख्या का पहला कारण डिजिटल लेनदेन का अभूतपूर्व विस्तार है। तत्काल भुगतान की सुविधा से वैध कारोबार आसान हुआ है, लेकिन अपराधियों को भी कुछ ही मिनटों में रकम कई खातों में हस्तांतरित करने का अवसर मिल गया है। ठगी की रकम अक्सर एक खाते में लंबे समय तक नहीं रखी जाती। कई बार अवैध पैसे को हवाला के माध्यम से वैध बनाने के बाद कोई तीसरा या चौथा व्यक्ति अपने खाते से नकद निकासी भी करता है, या फिर ऐसे अवैध पैसे को आभासी मुद्राओं में तब्दील कर दिया जाता है। दूसरा कारण संगठित साइबर अपराध है। अब बैंक खातों को हड़पने, बेचने और किराए पर देने वाला पूरा अवैध तंत्र सक्रिय है। सोशल मीडिया पर 'घर बैठे कमाई', 'खाता उपलब्ध कराने पर कमीशन' और 'भुगतान संग्रह एजेंट' जैसे प्रस्ताव देकर लोगों को अपराधिक गिरोह में जोड़ा जाता है। बेरोजगारी, आसान आय की चाह और वित्तीय जागरूकता की कमी अपराधियों के लिए उर्वर जमीन तैयार करती हैं। तीसरा कारण दूरस्थ और त्वरित खाता खोलने की सुविधा का दुरुपयोग है। डिजिटल केवाईसी ने बैंकिंग पहुंच बढ़ाई है, लेकिन यदि पहचान की जांच केवल औपचारिकता बन जाए, तो जाली दस्तावेज, गलत पता या किसी अन्य व्यक्ति के मोबाइल नंबर के सहारे खाते खोले जा सकते



हैं। निष्क्रिय खातों को अचानक सक्रिय करना और छोटी कारोबारी इकाइयों के खातों में असामान्य लेनदेन करना भी अपराधियों की रणनीति का हिस्सा है। सबसे बड़ी चुनौती अवैध धन की बढ़ती रफ्तार है। शिकायत दर्ज होने तक रकम कई खातों में पहुंच चुकी होती है। दूसरी चुनौती यह है कि हर असामान्य लेनदेन अपराध नहीं होता। किसी छोटे व्यापारी, विवाह आयोजक या मौसमी कारोबारी के खाते में अचानक अधिक लेनदेन होना स्वाभाविक भी हो सकता है। केवल लेनदेन की संख्या या राशि के आधार पर खाता रोकने से निर्दोष ग्राहक परेशान हो सकते हैं। इसलिए, मामले में तकनीकी संकेतों के साथ मानवीय जांच भी जरूरी है। तीसरी चुनौती गलत तरीके से बंद या फ्रीज किए गए खातों की है। यदि किसी निर्दोष खाताधारक के खाते में अनजाने में संदिग्ध रकम आ जाए और उसका पूरा खाता लंबे समय के लिए फ्रीज दिया जाए, तो उसकी आजीविका प्रभावित हो सकती है। लिहाजा, अपराध पर कार्रवाई और ईमानदार ग्राहक के अधिकारों के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। सबसे पहले खाता खोलते समय पहचान की गुणवत्तापूर्ण जांच होनी चाहिए। केवल दस्तावेज प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है। मोबाइल नंबर, पता, पेशा, आय के स्रोत और खाते के घोषित उद्देश्य में सामंजस्य भी देखा जाना चाहिए। एक ही पते, उपकरण या मोबाइल नंबर से अखातों के खुलने पर अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। दूसरा, खाते के व्यवहार की निरंतर निगरानी आवश्यक है। किसी नए या लंबे समय से निष्क्रिय खाते में अचानक बड़ी संख्या में रकम आना, धन प्राप्त होते ही अनेक खातों में भेज देना, असामान्य समय पर लगातार लेनदेन और प्राप्त रकम को तुरंत नकद निकालना म्यूल गतिविधि के संकेत हो सकते हैं। तीसरा, संदिग्ध खाते से जुड़े लाभार्थियों के खातों, यूपीआई पहचान, मोबाइल नंबर, उपकरण और इंटरनेट पते की भी पड़ताल की जानी चाहिए। इससे अपराध की पूरी श्रृंखला का पता चल सकता है। आई4सी की संदिग्ध रजिस्ट्री, वित्तीय खुफिया इकाई और बैंकों के बीच रियल टाइम में सूचनाओं का आदान-प्रदान इस दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। रिजर्व बैंक के नवोन्मेष केंद्र द्वारा विकसित कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित 'म्यूलहंटर डॉट एआई' संदिग्ध खातों की पहचान में उपयोगी पहल है। यह व्यवस्था 26 बैंकों में सक्रिय है और इसका दायरा बढ़ाया जा रहा है। फिर भी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता को अंतिम निर्णायक नहीं बनाया जाना चाहिए। मामले में प्रशिक्षित अधिकारीयों का हस्तक्षेप आवश्यक है।

म्यूल खातों की रोकथाम में बैंक पहली रक्षा-पंक्ति हैं। उन्हें केवाईसी को एक बार की प्रक्रिया मानने के बजाय ग्राहक की जोखिम-स्थिति के अनुरूप समय-समय पर अद्यतन करना चाहिए। खातों की निगरानी के लिए ऐसी प्रणाली विकसित करनी चाहिए, जो लेनदेन के पूरे नेटवर्क और धन के प्रवाह को समझ सके। रिजर्व बैंक के केवाईसी निर्देश बैंकों से मनी म्यूल के रूप में संचालित खातों की सावधानीपूर्वक निगरानी, उचित कार्रवाई और संदिग्ध लेनदेन की सूचना वित्तीय खुफिया इकाई-भारत को देने की अपेक्षा करते हैं। इसका प्रभावी अनुपालन शाखा स्तर से लेकर केंद्रीय निगरानी इकाई तक किया जाना चाहिए। बैंकों को अपने कर्मचारियों, कारोबारी प्रतिनिधियों और ग्राहकों को नियमित प्रशिक्षण भी देना होगा। साथ ही, आम लोगों को समझना होगा कि बैंक खाता निजी वित्तीय पहचान है, किराए पर देने वाली वस्तु नहीं। जिस दिन संदिग्ध धन को स्थानांतरित करने के लिए खाते उपलब्ध होना कठिन हो जाएगा, उसी दिन साइबर ठगों की कमर टूट जायेगी। अस्तु,सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग की जिम्मेदारी बैंक, सरकार और ग्राहक- तीनों की साझा जिम्मेदारी है।

नवाचार

बलकार सिंह पूनियां



# सारथी से स्वामी : भारत टैक्सी की सहकारी क्रांति

भारत के तेजी से बदलते शहरी परिदृश्य में परिवहन अब केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने का साधन नहीं रह गया है। यह रोजगार, आजीविका, आर्थिक अवसर, सामाजिक समावेशन और जीवन की गुणवत्ता से सीधे जुड़ा हुआ क्षेत्र बन चुका है। उपलब्ध सामग्री के अनुसार, भारत टैक्सी की स्थापना 6 जून 2025 को बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आठ राष्ट्रीय स्तर की सहकारी संस्थाओं के सहयोग से हुई। भारत टैक्सी की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता इसका सहकारी स्वामित्व मॉडल है। सामान्य प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था में ड्राइवर प्रायः सेवा देने वाला व्यक्ति होता है, जबकि प्लेटफॉर्म का स्वामित्व और निर्णय लेने की शक्ति अलग संस्था के पास रहती है। भारत टैक्सी इस संबंध को बदलने का प्रयास करती है। यहां ड्राइवर को केवल चालक नहीं, बल्कि 'सारथी' और सदस्य-मालिक के रूप में देखने की अवधारणा सामने आती है। जो व्यक्ति अपने श्रम, समय और सेवा से प्लेटफॉर्म का मूल्य तैयार करता है, उसे उसके स्वामित्व और निर्णय-प्रक्रिया में भागीदारी मिलनी चाहिए-यही इस मॉडल की मूल भावना है। शेयर पूंजी के माध्यम से सारथियों को सदस्य बनने और शासन में भाग लेने का अवसर तथा निदेशक मंडल में उनका प्रतिनिधित्व इस व्यवस्था को सहभागी स्वरूप प्रदान करता है। यही वह बिंदु है, जहां भारत टैक्सी केवल परिवहन सेवा नहीं रह जाती, बल्कि आर्थिक लोकतंत्र के प्रयोगके रूप में दिखाई देती है। 'सारथी ही स्वामी' की सोच श्रम को केवल आय अर्जित करने का माध्यम न मानकर उसे स्वामित्व से जोड़ती है। यदि प्लेटफॉर्म की सफलता में चालक की भूमिका केंद्रीय है तो उसके आर्थिक लाभ और निर्णय प्रक्रिया में उसकी हिस्सेदारी भी महत्वपूर्ण होनी चाहिए। सहकारिता का यही दर्शन भारत टैक्सी को पारंपरिक डिजिटल प्लेटफॉर्म मॉडल से अलग पहचान देता है। इस मॉडल का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष शून्य-कमीशन और सर्ज-फ्री किराया है। भारत टैक्सी पारदर्शी किराया व्यवस्था पर जोर देती है और मांग बढ़ने के समय अचानक किराया बढ़ाने की व्यवस्था से अलग मॉडल प्रस्तुत करती है। इसका उद्देश्य यात्रियों के लिए किराये में पारदर्शिता और सारथियों के लिए आर्थिक भागीदारी को मजबूत करना है। यदि तकनीकी प्लेटफॉर्म से पैदा होने वाले आर्थिक मूल्य का बड़ा हिस्सा सेवा प्रदाताओं तक पहुंचता है, तो यह डिजिटल अर्थव्यवस्था में अधिक न्यायसंगत भागीदारी की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयोग बन सकता है। भारत टैक्सी का महत्व केवल ड्राइवरों की आर्थिक स्थिति तक सीमित नहीं है। यहसमावेशी शहरी गतिशीलता की दिशा में भी संभावनाएं पैदा करता है। बाइक टैक्सी, ऑटो रिक्शा, इकोनॉमी कैब, प्रीमियम सेडान, एक्सएल कैब, किराया, आउट-स्टेशन और अनुसूचित सवारी जैसी सेवाएं अलग-अलग वर्गों और यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास करती हैं। पारदर्शी किराया व्यवस्था यात्रियों को यात्रा से पहले संभावित खर्च समझने में सहायता करती है। 'सारथी दीदी' के माध्यम से महिला यात्रियों को महिला ड्राइवर चुनने का विकल्प तथा 'बाइक दीदी' के माध्यम से महिलाओं की परिवहन क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाने का प्रयास किया गया है। उपलब्ध सामग्री के अनुसार, फरवरी 2026 तक 150 से अधिक महिला ड्राइवर इस पहल से जुड़ चुकी थीं। यह केवल सुरक्षित यात्रा का प्रश्न नहीं है; यह महिलाओं को आर्थिक अवसर और आजीविका से जोड़ने का प्रयास भी है। किसी भी डिजिटल परिवहन सेवा की सफलता के लिए सुरक्षा और विश्वसनीयता अत्यंत आवश्यक हैं। वास्तव में, विकसित भारत 2047 का निर्माण केवल बड़े आर्थिक आंकड़ों से नहीं होगा। इसके लिए ऐसी अर्थव्यवस्था की आवश्यकता होगी, जिसमें तकनीक अवसर पैदा करे, श्रमिक स्वामित्व और सम्मान प्राप्त करें, महिलाएं आर्थिक गतिविधियों में अधिक भागीदारी करें और सामाजिक सुरक्षा विकास का अभिन्न हिस्सा बने। भारत टैक्सी इसी व्यापक सोच में 'सहकार से समृद्धि' को शहरी परिवहन के क्षेत्र में व्यवहार में उतारने का एक महत्वपूर्ण प्रयोग बन सकती है।

# साहित्यकारों के प्रति प्रदेश एवं केन्द्र सरकारें उदासीन क्यों ?

## 'भूले बिसरे चित्र' उपन्यास लिखने वाले लेखक स्वयं भूले बिसरे हो गए

**उपन्यास सम्राट साहित्यकार बाबू भगवती चरण वर्मा की 123 वीं जयंती पर विशेष**



लेखक :- धर्मेन्द्र कुमार सिंह

पदम भूषण उपाधि से अलंकृत एवं साहित्य अकादमी सम्मान से सम्मानित तथा मनोनीत राज्यसभा सदस्य प्रख्यात साहित्यकार उपन्यास सम्राट बाबू भगवती चरण वर्मा ने साहित्य क्षेत्र में महती भूमिका निभाई । जो अपने ही सूबे और जन्मभूमि ग्रह नगर में ही भूले बिसरे से हो गए। साहित्यिक क्षेत्र में अपना खासा विशेष योगदान देने वाले साहित्यकारो के स्मरण में उत्तर प्रदेश सरकार उदासीन क्यों है।प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को इस ओर भी गंभीरता से ध्यान देना चाहिए ।

उपन्यास सम्राट हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार साहित्य अकादमी और पद्मभूषण उपाधि से अलंकृत बाबू भगवतीचरण वर्मा का जन्म- 30 अगस्त 1903 को उत्तर प्रदेश के साहित्य व कलम एवं तलवार की धराधाम उन्नाव से 27 किमी पश्चिम हरदोई उन्नाव मार्ग पर स्थित नगर सफीपुर में हुआ था ।इनके पिता देवी चरण वर्मा पेशे से कानपुर में अधिवक्ता थे जो जन्म के बाद भगवती बाबू को लेकर कानपुर चले गए जहा रहते हुए वकालत करने लगे। लेकिन किस्मत ने ठोकर मारी और जब पांच वर्ष की आयु में भगवती बाबू जी थे तो 1908 में उनके पिता का प्लेग महामारी के दौरान असमय देहांत हो गया।तब इनका मानो सब आसरा छिन चुका था पिता का साया सर से उठ गया था किंतु हिम्मत नही हारी और अपने लक्ष्य पर चलते रहे। आर्थिक और तमाम तंगी और अभावों के बीच भगवती बाबू शिक्षा दीक्षा लेने लगे ।इन्होंने प्राथमिक एवं माध्यमिक तक शिक्षा कानपुर में ग्रहण की उसके बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बी.ए., एल.एल.बी. की शिक्षा प्राप्त की।

वह बचपन से ही कविता लिखने लगे थे। कविता लिखने का शौक बढ़ा तो अपने स्कूल की हस्तलिखित पत्रिका के नियमित लेखक बन गए। 'प्रताप' और 'शारदा' जैसी पत्रिकाओं में उनके लेख प्रकाशित होने लगे थे।15 वर्ष की अवस्था में ही उन्हें कानपुर के एक विशिष्ट साहित्यिक गुट में स्थान मिल गया जहाँ वह विश्वंभरनाथ शर्मा 'कौशिक' बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' रमाशंकर अवस्थी चंद्रिका प्रसाद मिश्र आदि के संपर्क में रहे। साहित्य में डूबे रहने के कारण हाईस्कूल और इंटर दोनों ही परीक्षाओं में दूसरे प्रयास में पास हो सके। आगे की शिक्षा प्राप्त करने के लिए वह इलाहाबाद गए। हिंदी अँग्रेजी और इतिहास विषय से 1926 में स्नातक किया फिर एल.एल.बी की परीक्षा पास की।1928 में एल.एल.बी करने के पश्चात जीविकोपार्जन के लिए वकालत करने लगे लेकिन उनकी वकालत चल न सकी। हमीरपुर में वकालत के दौरान भदरी राजा बजरंग बहादुर सिंह के संपर्क में आए और कुछ समय उनके संरक्षण में रहे। इसी समय वह 'चित्रलेखा' के लेखन-कार्य में जोर-शोर से जुट गए थे। 'चित्रलेखा' के प्रकाशन और उसकी बिक्री से उनका भाग्य कुछ बदला। अगले कुछ वर्ष कलकत्ता फिल्म कॉर्पोरेशन और 'विचार' पत्रिका से संबद्ध रहे, फिर फिल्म निर्देशक केदार शर्मा ने 'चित्रलेखा' फिल्म का निर्माण शुरू किया तो सिनेरियो लेखक के रूप में 'बम्बई टाकीज' से जुड़ गए। अब वह पत्रकारिता भी करने लगे थे। 1950 तक 'पतन' 'चित्रलेखा' और 'तीन वर्ष' आदि उपन्यासों के प्रकाशन के साथ वह हिंदी उपन्यासकार के रूप में प्रतिष्ठित हो चुके थे। लखनऊ और दिल्ली के आकाशवाणी केंद्रों से भी उनकी संबद्धता रही। बाद के दिनों में उन्होंने अन्य कार्यों से विराम ले लिया और पूर्णकालिक साहित्य सृजन में रत हो गए।

भगवतीचरण वर्मा ने अपने साहित्यिक जीवन का आरंभ एक कवि के रूप में किया था। उनकी आरंभिक कविताएँ छायावाद से प्रभावित हैं । जबकि कुछ कविताओं में प्रगतिवाद और प्रयोगवाद की भी झलक मिलती है। उनकी कविताओं का केंद्र-बिंदु 'अस्मिता की खोज' है और उनकी कविताओं में आत्म-दर्शन भी बहुधा अभिव्यक्त हुआ है। दार्शनिकता, कौतूहल, विशिष्ट चरित्र-चित्रण, हास्य-व्यंग्य, सरस भाषा-शैली जैसी विशेषताएँ रखने वाली कहानियों के साथ उन्होंने हिंदी कहानी-धारा में योगदान किया है। उनके निबंधों के दो वर्ग है । जहाँ एक में उन्होंने साहित्य की विधाओं पर लेखनी चलाई है तो दूसरे में सामाजिक समस्याओं पर विचार किया है। उनके एकांकी और नाटकों में समाज की गंभीर समस्याओं पर हास्य के पुट के साथ टिप्पणी की गई है और इस रूप में उनकी सामाजिक प्रतिबद्धता प्रकट हुई ।

उपन्यासकार के रूप में अधिक ख्यातिलब्ध भगवती चरण वर्मा ने कई सशक्त एवं बहुचर्चित औपन्यासिक कृतियों की रचना की है। इन कृतियों में युगीन चित्रण के साथ ही सामाजिक यथार्थ को उद्घाटित किया गया है। पाप और पुण्य जैसे विषय पर 'चित्रलेखा' के साथ ही उन्हें 'टेढ़े-मेढ़े रास्ते', 'आखिरी दाँव', 'अपने खिलौने' और 'भूले-बिसरे चित्र' के रूप में चार वृहत उपन्यासों के लिए हिंदी उपन्यास परंपरा में अत्यंत सम्मान से रखा जाता है। उन्हें 'भूले-बिसरे' चित्र के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया। भारत सरकार ने उन्हें पद्म भूषण उपाधि से भी सम्मानित किया जबकि वह राज्यसभा सदस्य के रूप में भी मनोनीत किए गए।

भगवती बाबू हिन्दी जगत के प्रमुख साहित्यकार थे। कवि के रूप में रेडियो रूपक 'महाकाल', 'कर्ण' और 'द्रोपदी'- जो 1956 ई. में 'त्रिपथगा' के नाम से एक संकलन के आकार में प्रकाशित हुए जो उनकी विशिष्ट कृतियाँ हैं। यद्यपि उनकी प्रसिद्ध कविता 'भैंसागाड़ी' का आधुनिक हिन्दी कविता के इतिहास में अपना महत्त्व है। भगवती चरण वर्मा जी ने लेखन तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में ही प्रमुख रूप से कार्य किया। इसके बीच-बीच में इन्होंने फि ल्म तथा आकाशवाणी में भी सम्बद्ध रहे। बाद में यह स्वतंत्र लेखन अपनाकर लखनऊ में बस गये। उनका 5 अक्तूबर 1981 को देहावसान हो गया ।

उनकी रचनाओ में विशेषतया 'चित्रलेखा' के 'तीन वर्ष' नयी सभ्यता की चकाचौंध से पथभ्रष्ट युवक की मानसिक व्यथा की कहानी है। तीन वर्ष और टेढ़े-मेढ़े रास्ते राजनीतिक और सामाजिक पृष्ठभूमि में प्रायः यंत्रवत परिचालित पात्रों के माध्यम से लेखक यह दिखाने की चेष्टा करता है कि समाज की दृष्टि में ऊँची और उदात्त जान पड़नेवाली भावनाओं के पीछे जो प्रेरणाएँ हैं । वे और कुछ नहीं केवल अत्यन्त सामान्य स्वार्थपरता और लोभ की अधम मनोवृत्तियों की ही देन हैं। आखिरी दाँव एक जुआरी के असफल प्रेम की कथा है और अपने खिलौने (1957 ई.) नयी दिल्ली की 'मॉर्डन सोसायटी' पर व्यंग्यशरवर्षण है। इनका बृहत्तम और सर्वाधिक सफल उपन्यास भूले बिसरे चित्र (1959) है। जिसमें अनुभूति और संवेदना की कलात्मक सत्यता के साथ उन्होंने तीन पीढ़ियों का भारत के स्वातंत्र्य आन्दोलन के तीन युगों की पृष्ठभूमि में मार्मिक चित्रण किया है।

भगवतीचरण वर्मा के रेडियो रूपक 'महाकाल', 'कर्ण' और 'द्रोपदी' 'त्रिपथगा' के नाम से एक संकलन के आकार में प्रकाशित हुए हैं उनकी विशिष्ट कृतियाँ हैं। यद्यपि उनकी प्रसिद्ध कविता 'भैंसागाड़ी' का आधुनिक हिन्दी कविता के इतिहास में अपना महत्त्व है। मानववादी दृष्टिकोण के तत्व, जिनके आधार पर प्रगतिवादी काव्यधारा जानी-पहचानी जाने लगी, 'भैंसागाड़ी' में भली-भाँति उभर कर सामने आये थे। उनका पहला कविता संग्रह 'मधुकण' के नाम से 1932 ई. में प्रकाशित हुआ। तदनन्तर दो और काव्य संग्रह 'प्रेम संगीत' और 'मानव' निकले। रूमानी मस्ती, नियतिवाद, प्रगतिवाद, अन्ततः मानववाद इनकी विशिष्टता है।

भगवती बाबू अपने खिलौने मेरी कहानियाँ (कहानी) पतन मोर्चाबन्दी (कहानी) तीन वर्ष मेरी कविताएँ (कविता) चित्रलेखा अतीत की गर्त से (संस्मरण) भूले बिसरे चित्र साहित्य के सिद्धांत तथा रूप (साहित्य आलोचना) टेढ़े मेढ़े रास्ते मेरे नाटक (कविता) सीधी सच्ची बातें वसीयत (कविता) सामर्थ्य और सीमा 'इंस्टालमेण्ट' रेखा 'दो बाँके' वह फिर नहीं आई 'राख और चिनगारी (कहानी 1953 ई.) सबहिं नचावत राम गोसाईं' रुपया तुम्हें खा गया' (नाटक 1955 ई.) प्रश्न और मरीचिका 'वासवदत्ता' (सिनारियों) युवराज चूंडा - धुप्पल -छायावादी कवि और प्रेमचंदोत्तर युग के प्रमुख उपन्यासकार थे ।

उनकी आत्मा का सहज स्वर कविता का है उनका व्यक्तित्व शायराना अल्हड़पन रंगीनी और मस्ती का सुधरा-सँवारा हुआ रूप है। वे किसी 'वाद' विशेष की परिधि में बहुत दिनों तक गिरफ़्तार नहीं रहे। यों एक-एक करके प्रायः प्रत्येक 'वाद' को उन्होंने टटोला है देखा है समझने-अपनाने की चेष्टा की है । पर उनकी सहज स्वातन्त्र्यप्रियता, रूमानी बैचेनी, अल्हड़पन और मस्ती, हर बार उन्हें 'वादों' की दीवारें तोड़कर बाहर निकल आने के लिए प्रेरणा देती रही और प्रेरणा के साथ-साथ उसे कार्यान्वित करने की क्षमता और शक्ति भी। यही अल्हड़पन और रूमानी मस्ती इनके कृतित्व में किसी भी विधा के अंतर्गत क्यों न हो जहाँ एक ओर प्राण फूँक देती है, वे छन्दोबद्ध कविता के हामी हैं उसी को कविता मानते हैं पर यह उनकी सहज स्वातन्त्र्य प्रियता के प्रति नियति का हल्का मीठा सा परिहास ही है।

लेकिन खेद है ऐसे महान साहित्यकार को जीवंत रखने के लिए शासन प्रशासन ने उनके जन्म भूमि सफीपुर (उन्नाव) के लिए कुछ भी नही किया । फलतः प्रख्यात साहित्यकार उपन्यास सम्राट भगवती बाबू अपने ही जन्म भूमि ग्रह नगर सफीपुर उन्नाव उत्तर प्रदेश में भूले बिसरे बेनामी बने है। साहित्य क्षेत्र में अपना विशेष योगदान देने वाले साहित्यकारो के स्मरण में उत्तर प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अवश्य ही साहित्यकारों की तरफ भी ध्यानाकर्षण करना चाहिए । ताकि मौजूदा युवा पीढ़ी और आने वाली पीढ़ी उन्हे और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद रख सके। मजे की बात तो यह है कि प्रदेश एवं भारत सरकार द्वारा जीवित रहते तो भगवती बाबू को कई सम्मान और उपाधियों से अलंकृत कर नवाजा गया किंतु मरणोपरांत उन्हें बिसार दिया गया । भूले बिसरे चित्र जैसी ख्यातिलब्ध उपन्यास लिखने वाले स्वयं भूले बिसरे हो गए । शासन प्रशासन का कोई नुमाइंदा उनकी सुध लेने और उनकी पावन जन्म भूमि पर उनकी प्रतिमा पर दो पुष्प अर्पित करने वाला नहीं है । हालांकि अर्चना परिषद नामक एक संस्था भगवती बाबू की स्मृतियों को जीवंत रखे है ।

(लेखक :--वरिष्ठ पत्रकार व चिंतक,विचारक, स्तंभकार, टिप्पणीकार एवं आलोचक हैं )

## संक्षेप

### स्मृति ईरानी ने भाजपा की मैराथन बैठक की

#### मिशन-2027 की तैयारी तेज, बूथ मजबूत करने का दिया मंत्र

अमेठी , उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अमेठी में संगठन को मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। राष्ट्रीय महामंत्री की जिम्मेदारी संभालने के बाद पूर्व सांसद स्मृति ईरानी एक बार फिर अमेठी की राजनीति में सक्रिय नजर आ रही हैं। उनके निर्देश पर अमेठी भाजपा की कोर टीम ने दिल्ली में उनके आवास पर करीब तीन घंटे तक मैराथन बैठक की ।बैठक में जिले के प्रमुख संगठन पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।2024 का लोकसभा चुनाव हारने के बाद भी स्मृति ईरानी ने अमेठी से अपना जुड़ाव बनाए रखा है। राष्ट्रीय स्तर पर नई जिम्मेदारी मिलने के बाद उनकी सक्रियता और बढ़ी है। बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने पर जोरजिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल के नेतृत्व में दिल्ली पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में महामंत्री विषुव मिश्र, जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित, विकास पटेल, कृष्ण कुमार भारती, उपमा सरोज और आशा बाजपेई समेत संगठन के प्रमुख पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक में मिशन-2027 को लेकर संगठन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। स्मृति ईरानी ने पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया जाए और प्रत्येक बूथ पर कार्यकताओं की टीम को सक्रिय रखा जाए ।उन्होंने कार्यकताओं से केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को जनता तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने और स्थानीय स्तर पर लोगों से लगातार संवाद बनाए रखने पर भी जोर दिया।'अमेठी मेरा परिवार' का संदेश बैठक के दौरान स्मृति ईरानी ने अमेठी से अपने पुराने जुड़ाव को दोहराते हुए कहा कि अमेठी उनका परिवार है और वह क्षेत्र के विकास के लिए लगातार काम करती रहेंगी। 2024 के लोकसभा चुनाव में हार के बाद भी वह तीन बार अमेठी का दौरा कर चुकी हैं ।राष्ट्रीय महामंत्री बनने के बाद अमेठी भाजपा की कोर टीम के साथ हुई इस बैठक को संगठन की दृष्टि से अहम माना जा रहा है। स्मृति ईरानी की सक्रियता के बीच अमेठी में सियासी हलचल भी तेज हो गई है। भाजपा अब बूथ प्रबंधन और संगठन विस्तार के जरिए 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों को धार देने में जुट गई है।

### योगी सरकार का रक्षाबंधन पर मातृशक्ति को तोहफा

#### 60+ महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा, 27-29 अगस्त तक सभी बहनों के लिए सेवा मुफ्त

अमेठी , उत्तर प्रदेश सरकार ने रक्षाबंधन से पहले प्रदेश की माताओं और बहनों को बड़ी सौगात दी है। सरकार ने 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना' का शुभारंभ किया है, जिसके तहत 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त, रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर 27 अगस्त सुबह 6 बजे से 29 अगस्त रात 12 बजे तक यूपी रोडवेज की सभी बसों में सभी माताओं और बहनों के लिए मुफ्त यात्रा की घोषणा की गई है।इस दौरान वे एक सहयात्री के साथ यात्रा कर सकेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में इस योजना का शुभारंभ किया।

# खुशखबरी: 31 अगस्त से नेपालगंज रोड स्टेशन से शुरू होगी रेल सेवा, यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। सीमावर्ती क्षेत्र के लाखों लोगों के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार बड़ी खुशखबरी सामने आई है। 31 अगस्त 2026 से नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन से यात्री ट्रेनों का संचालन शुरू होने जा रहा है। रेलवे और जिला प्रशासन की ओर से स्टेशन के शुभारंभ को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। रेल सेवा शुरू होने से नेपालगंज रोड, रुपईडीहा, बाबागंज, नानपारा, मटेरा, रिसिया और बहराइच समेत आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। नई रेल कनेक्टिविटी से बहराइच और सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों के लिए गोंडा और वाराणसी तक आवागमन आसान होने की उम्मीद है।

चार ट्रेनों के संचालन की जानकारी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, शुरूआत में दो एक्सप्रेस और दो मेमू/पैसेंजर ट्रेनों के संचालन की जानकारी सामने आई है।इनमें नेपालगंज रोड से वाराणसी के लिए इंटरसिटी तथा वाराणसी सिटी से नेपालगंज रोड तक विस्तारित ट्रेनें शामिल हैं। इसके अलावा गोंडा-नेपालगंज रोड के बीच भी यात्री ट्रेनों का संचालन प्रस्तावित है। रेल सेवा बहाल होने से व्यापार, पर्यटन और रोजगार को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित रुपईडीहा क्षेत्र के व्यापारियों और आम यात्रियों को सस्ता एवं सुविधाजनक रेल परिवहन मिलने से क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को गति मिल सकती है।

**स्टेशन के शुभारंभ की तैयारियां तेज**

29 अगस्त को नेपालगंज रोड स्टेशन पर रेलवे एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों की आवाजाही बढ़ गई है। स्टेशन परिसर में कार्यक्रम की तैयारियां चल रही हैं और टेंट आदि की व्यवस्था भी पहुंच चुकी है। 31 अगस्त को स्टेशन के शुभारंभ का कार्यक्रम प्रस्तावित है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में शामिल होने की चर्चा है, हालांकि उनके आगमन की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन का संचालन सीमावर्ती क्षेत्र के विकास के लिए ऐतिहासिक कदम साबित होगा। लंबे समय से बंद रेल सुविधा बहाल होने से यात्रियों को बड़ी राहत मिलने के साथ ही रुपईडीहा-बहराइच क्षेत्र के व्यापार और पर्यटन को भी नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

# थानाध्यक्ष की तत्परता से बुजुर्गा की बची जान, थानाध्यक्ष ने पेश किया मानवता की मिसाल

## गोदी में उठाकर थानाध्यक्ष स्वयं लेकर पहुंचे अस्पताल

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच।ड्यूटी के साथ मानवीय संवेदनाओं की हो रही सराहना, जब गोदी में स्वयं घायल बुजुर्गा को थानाध्यक्ष लेकर पहुंचे चिकित्सालय।

जनपद बहराइच के खैरीघाट थाना क्षेत्र में आज रक्षाबंधन के पर्व पर खैरीघाट पुलिस शांति व सुरक्षा के दृष्टिगत पूरी सतर्कता के साथ थाना क्षेत्र में मुस्तैद रही।वहीं शुक्रवार समय करीब 14.40 बजे ग्राम थैलियां सड़क पर एक माताजी जिनका नाम गायत्री देवी पत्नी सुरेश लोध उम्र करीब 55 वर्ष ग्राम थैलियां थाना खैरीघाट जनपद बहराइच दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क पर पड़ी थी। वहीं थानाध्यक्ष खैरीघाट प्रदीप कुमार सिंह क्षेत्र में भ्रमणशील थे, उन्होंने तत्काल मौके पर पहुंचकर माता जी को पास स्थित डॉक्टर श्री शिव शरण सिंह के अस्पताल पंहुचाया, जहां पर प्राथमिक उपचार चल रहा है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के संवेदनात्मक मानवीय भावनाओं की क्षेत्रवासियों ने काफी सराहना की है, यही नहीं इससे पूर्व भी बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर रामपुर में गैस रिसाव से आग लगने पर स्वयं घायलों की मदद करते दिखाई पड़े थे। वहीं थाना अध्यक्ष के हृदय में आस्था का भाव तो तब देखने को मिला जब वहां पहुंचे थे मंदिर का निरीक्षण करने और मंदिर में गंदगी देख खुद करने लगे वहां साफ सफाई ऐसे में थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली से लोग काफी प्रभावित हुए हैं और ऐसे मानवीय कार्यों की क्षेत्रवासी सराहना कर रहे हैं।

# शिशु विद्या मंदिर बेहड़ा की छात्रा बहनों ने खैरीघाट थाने में मनाया रक्षाबंधन का पर्व

## थानाध्यक्ष सहित सभी पुलिस कर्मियों की कलाइयों पर बांधा रक्षासूत्र, खिलाया मिष्ठान

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर,बहराइच। आवाम की सुरक्षा में परिजनों से कोसों दूर तैनात पुलिस जवानों की कलाइयों पर विद्यालय की बेटियों बहनों ने रक्षा सूत्र बांधकर मनाया भाई बहन के अटूट प्रेम की मिसाल का प्रतीक ₹रक्षाबंधन₹ का महापर्व। जनपद के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत शिशु विद्या मंदिर बेंहड़ा की छात्राओं ने खैरीघाट थाना परिसर में पुलिस जवानों की कलाइयों पर गुरुवार को रक्षासूत्र बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। अपने परिवार से कोसो दूर हमारी सुरक्षा में तैनात जवानों को त्योहारों के कारण अक्सर छुट्टी नहीं मिल पाती है और उनकी कलाइयां सूनी ही रह जाती हैं। ऐसे में विद्यालय की छात्रा बहनों ने सुरक्षा जवानों की कलाइयों पर बांधा रक्षासूत्र एवं तिलक लगाकर खिलाया मिष्ठान। खैरीरीघाट थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह समेत सभी पुलिसकर्मियों ने बंधवाया रक्षासूत्र व देश की सभी बहनों की रक्षा का लिया संकल्प।

# आजाद नगर वार्ड की बदहाल सफाई व्यवस्था का मुद्दा उठा, विधायक व एसडीएम ने दिया समाधान का भरोसा

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच।नगर पंचायत रुपईडीहा के आजाद नगर वार्ड नंबर 12 में लंबे समय से बनी सफाई व्यवस्था की समस्या को लेकर आज क्षेत्रीय विधायक रामनिवास वर्मा एवं एसडीएम नानपारा प्रकाश सिंह से मुलाकात कर सभासदों ने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया गया।इस दौरान वार्ड की प्रमुख समस्या बजाज लाइन एवं आजाद रोड पर स्थित मकानों के पीछे बने नाले में जमा गंदगी, कूड़े-कचरे और जल निकासी की अव्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।क्षेत्रवासियों का कहना है कि नाले में लंबे समय से गंदगी जमा होने के कारण आसपास रहने वाले लोगों को दुर्गंध, मच्छरों तथा गंदे पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।बरसात के दिनों में स्थिति और अधिक खराब होने की आशंका बनी रहती है।मुलाकात के दौरान समस्या को गंभीरता से रखते हुए नाले की सफाई कराने, जमा कूड़ा-कचरा हटाने तथा जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग की गई, ताकि वार्डवासियों को राहत मिल सके और भविष्य में गंदगी के कारण किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न न हो। विधायक रामनिवास वर्मा के समक्ष भी वार्ड की समस्याओं को प्रमुखता से रखा गया। वहीं एसडीएम प्रकाश सिंह ने समस्या को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि संबंधित विभाग से समन्वय कर जल्द से जल्द सफाई एवं आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। एसडीएम के आश्वासन के बाद क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई कि वार्ड नंबर 12 की वर्षों से चली आ रही नाले एवं गंदगी की समस्या का शीघ्र समाधान होगा और लोगों को स्वच्छ वातावरण मिल सकेगा।इस अवसर पर सभासद रतन अग्रवाल राजकुमार गुप्ता पवन अग्रवाल संजय वर्मा जी आदि लोग उपस्थित रहे।

# वैवाही चौकी क्षेत्र में शांति व सुरक्षा के बीच मनाया गया रक्षाबंधन का महापर्व

## चौकी प्रभारी शशि प्रताप सिंह दलबल सहित चौकी क्षेत्र में रहे भ्रमणशील

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के थाना क्षेत्र अंतर्गत चौकी वैवाही के कई ग्राम पंचायत में सकुशल आज भाई-बहन के अटूट स्नेह प्रेम व विश्वास के प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाला महापर्व रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। गुरुवार से ही रामपुर धोबिया आसपास के दर्जनों गांव के क्रय विक्रय का केंद्र बना रहा। इस अवसर पर रामपुर बाजार में बहनों ने जमकर रक्षा सूत्र व मिठाइयों की खरीदारी की।अरनवा, पिपरिया, रायगंज, नेवादा पूरे कस्बाती, दलजीतपुरवा, डल्लापुरवा, पाठकपुरवा में शांतिपूर्ण माहौल में अटूट विश्वास की डोर को बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर बांधा, भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का वचन दिया। वही रक्षाबंधन पर्व को शांति पूर्ण तरीके से कड़े सुरक्षा व्यवस्थाओं के बीच संपन्न कराया गया इस अवसर पर चौकी प्रभारी वैवाही शशि प्रताप सिंह, हेड कां0 सुभाष चंद्र वर्मा, प्रमोद कुमार वर्मा, सहित समस्त वैवाही पुलिस दल भ्रमणशील रहा।

# सड़क हादसे में घायल युवक की हुई मौत

## दो मासूम बेटियों के सिर से उठा पिता का साया

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जिले के विकासखंड शिवपुर क्षेत्र के चंदेला कला गांव निवासी राजन गिरी पुत्र विनोद कुमार गिरी की शनिवार सुबह करीब चार बजे लखनऊ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया गया कि बुधवार रात करीब 10 बजे राजन बाइक से अपनी ससुराल जा रहा था। रामगांव थाना क्षेत्र के किशुनपुर मीठा गांव के पास अचानक बाइक के सामने एक व्यक्ति आ गया। उसे बचाने के प्रयास में राजन बाइक समेत सड़क पर गिर गया, जिससे सिर, नाक और कान में गंभीर चोटें आईं। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज बहराइच ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। राजन दो भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। वह अपने पीछे माता-पिता, पत्नी, दो मासूम बेटी—एक दो वर्ष और दूसरी महज दो माह की—तथा वृद्ध दादा-दादी को छोड़ गया है।

# बहराइच में हुआ चिकित्सा का बड़ा कमाल, बिना चीरा लगाए बंद हुआ दिल का छेद

## डीएम कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. मोहम्मद यूनुस ने 28 वर्षीय युवक के दिल तक पहुंचाई डिवाइस, सफल हुआ जटिल उपचार

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा/मो0 कौशर



बहराइच। जिस इलाज के लिए अब तक बहराइच के मरीजों को बड़े शहरों की ओर देखना पड़ता था, वह सुविधा अब जिले में ही दस्तक दे चुकी है। मल्हीपुर रोड स्थित बिटाना एंड चन्द्रावती हॉस्पिटल में डीएम (कार्डियोलॉजी) डॉ. मोहम्मद यूनुस ने 28 वर्षीय युवक के दिल में मौजूद छेद को बिना छाती पर चीरा लगाए बंद कर दिया। पैर की रक्त वाहिका के रास्ते विशेष उपकरण को हृदय तक पहुंचाकर छेद को बंद करने की यह जटिल प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की गई। अस्पताल के अनुसार, बहराइच में अपने तरह की यह पहली प्रक्रिया है। इस उपलब्धि की खास बात केवल यह नहीं कि मरीज के दिल का छेद बिना बड़े ऑपरेशन के बंद किया गया, बल्कि यह भी है कि पूरा उपचार आयुष्मान कार्ड के माध्यम से किया गया और मरीज की जेब से एक भी पैसा नहीं लगा। इस जटिल उपचार के मुख्य सूत्रधार डीएम (कार्डियोलॉजी) डॉ. मोहम्मद यूनुस रहे। उन्होंने आधुनिक कैथेटर तकनीक के माध्यम से हृदय के छेद को बंद करने की प्रक्रिया को अंजाम दिया। डॉ. यूनुस के अनुसार, प्रक्रिया में छाती खोलने की आवश्यकता नहीं होती। मरीज के पैर की रक्त वाहिका से कैथेटर को शरीर के भीतर से हृदय तक पहुंचाया जाता है। इसके बाद छेद की सही स्थिति पर एक विशेष छाता नुमा बटन/डिवाइस स्थापित की जाती है। डिवाइस निर्धारित स्थान पर खुलकर छेद को बंद करने का काम करती है। यानी बाहर से देखने पर बड़ा ऑपरेशन नहीं, लेकिन शरीर के भीतर हृदय तक पहुंचकर बेहद सटीक तरीके से किया जाने वाला यह उपचार चिकित्सकीय दृष्टि से जटिल प्रक्रिया है। 28 वर्षीय युवक के हृदय में मौजूद छेद का चिकित्सकीय परीक्षण किए जाने के बाद कैथेटर आधारित प्रक्रिया के जरिए उपचार का निर्णय लिया गया। डॉ. मोहम्मद यूनुस और उनकी टीम ने पूरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया। पारंपरिक सर्जरी में जहां बड़े चीरे और लंबी प्रक्रिया की जरूरत पड़ सकती है, वहीं इस तकनीक में छाती खोलने से बचा जा सकता है। डॉ. मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बहराइच में इस प्रक्रिया का सफल होना स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे मरीजों को अपने जिले में ही विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा मिलने की संभावना बढ़ी है।

### दिल के छेद के इलाज में नई राह, डॉ. यूनुस की टीम को मिली बधाई

डॉ. मोहम्मद यूनुस की विशेषज्ञता और नेतृत्व में हुई इस प्रक्रिया ने जिले में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी की संभावनाओं को मजबूती दी है। सफल प्रक्रिया के बाद अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. रमेश वर्मा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर शुभांगी वर्मा, सीएमएस डॉ. मुकेश यादव, न्यूरो सर्जन डॉ. अनुरोध पटेल, मैनेजमेंट सदस्य राजन श्रीवास्तव, डॉ. अतुल मिश्रा और रमेश पांडेय ने डीएम कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. मोहम्मद यूनुस एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी।

# भाजपा नेता के पिता का हुआ निधन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा क्षेत्र के भाजपा नेता संजय शुक्ला के पिता जनार्दन शुक्ला के स्वर्गवास पर अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या में पहुँचे लोगआज दिन शनिवार सुबह 5 बजे कन्दरपुर असोहा निवासी 86 वर्षिय जनार्दन शुक्ला का स्वर्गवास हो गया ये शोक की खबर सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से सुनते ही अन्तिम दर्शन करने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा जिसमे पूर्व विधायक उदयराज यादव,पूर्व ब्लॉक प्रमुख बीतेंद्र यादव,राजकुमार रावत,प्रधान हरिकेश यादव,रमेश यादव जिला भाजपा उपाध्यक्ष आनन्द अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख हिलौली दिलीप दीक्षित जिला महामंत्री नूतन सिंह, सहकारी ग्राम विकास बैंक अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी,भाजपा नेता अरुण कुमार दीक्षित सहित हजारों की संख्या में लोग अन्तिम दर्शन के लिए घर से घाट तक पहुँचे अन्तिम संस्कार बक्सर घाट पर हुआ । 86 वर्षिय जनार्दन शुक्ला रिटायर्ड सरकारी अधयापक थे वह स्वभाव से बहुत हँसमुख मिलनसार थे लोग उनके पास घण्टो बैठे रहते थे सभी से हँसी मजाक किया करते थे वह अपने पीछे तीन छोटे भाई भगवान शंकर शुक्ला, सुधांशु शुक्ला, अनिल शुक्ला दो बेटे संजय शुक्ला ,अभय शुक्ला,भतीजे आशू, विकास शुक्ला,मयंक शुक्ला, प्रियंक शुक्ला,नाती सोहम, आकाश, तेजस,राजशेखर छोड़ गये।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र के नया खेड़ा मजरे जनसार निवासी कंधई के 28 वर्षीय बड़े पुत्र विकास की ननिहाल में संदिग्ध परिस्थितियों में बीती रात मौत हो गई असोहा थाना क्षेत्र के सूर्यबली खेड़ा निवासी विकास जो अपने नाना नानी के यहां इधर 3 वर्षों से रह रहा था रक्षाबंधन की रात वह साइकिल से घर से निकला फिर लौट कर नहीं आया बताते हैं कि प्रातः गांव जाने वाली पुलिया के पास पुलिया के नीचे बगल में पानी में उसका शव देखा गया ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना उसके नाना नानी व परिजनों को दी सूचना पाते ही घर के लोग दौड़ पड़े बताते हैं कि विकास शराब का लती था तथा मजदूरी कर जीवन यापन करता था जानकारी के मुताबिक अपने मूल गांव में ही एक युवक की हत्या के मामले में वह भाइयों के साथ जिला कारागार में बंद था तथा तीन भाइयों में सबसे बड़ा था अभी हाल ही में विकास व उसका भाई रूप राम जेल से बाहर आए थे तथा ननिहाल में रह रहे थे एक भाई राजकुमार अभी जेल में बंद है ग्रामीणों को शक है कि वह अत्यधिक नशे के कारण पुलिया से पीछे गिर गया और जहां नाली में पानी भरा था उसी में उसकी मौत हो गई असोहा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक की मां सुमिरता देवी का रो रो कर बुरा हाल है विकास की मौत को लेकर गांव में तरह-तरह की चचाएं है

# सरयू नहर शाखा इमामगंज में डूबने से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। इमामगंज के पास सरयू नहर में डूबने से 22 वर्षीय युवक की मौत, मचा कोहराम। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत इमामगंज के पास शनिवार शाम करीब 5 बजे सरयू नहर में डूबने से बरदहा गांव निवासी 22 वर्षीय जाहिद की मौत हो गई। ग्रामीणों ने घंटों तलाश के बाद उसका शव नहर से बरामद किया। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव को घर ले गए और पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि घटना की पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई है।

# बोलेरो की टक्कर से महिला की मौत परिजनो में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के जर गांव में शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला शौच के बाद घर लौट रही थी, तभी यह हादसा हुआ। गंभीर घायल महिला को परिजन अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतका की पहचान जर गांव निवासी ललई की पत्नी कमला देवी (50) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार रात कमला देवी शौच के लिए घर से बाहर गई थीं। लौटते समय गांव की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई और परिजन भी पहुंच गए। आनन-फानन में घायल को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।परिजनों के अनुसार टक्कर मारने वाली बोलेरो गांव की ही है और उनके पास उसका नंबर भी है। पुलिस वाहन और चालक के बारे में जानकारी जुटा रही है।कमला देवी के परिवार में दो बेटियां और दो बेटे हैं। मां की मौत से बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। शनिवार दोपहर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।परिजनों ने दोषी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## संक्षेप

### चोरी के आरोपी को सजा

**कोर्ट ने 1 साल 10 माह 28 दिन कारावास, 1000 जुर्माने से दंडित किया**

बागपत, चोरी के एक मामले में न्यायालय ने आरोपी फरमान उर्फ बाबू को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। पुलिस और अभियोजन विभाग की प्रभावी पैरवी के बाद न्यायालय ने उसे एक वर्ष 10 माह 28 दिन के कारावास और एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। फरमान उर्फ बाबू, जो इकबाल का पुत्र और सिंघावली अहीर, बागपत का निवासी है, पर चोरी की घटना को अंजाम देने का आरोप था। थाना सिंघावली अहीर पुलिस ने उसके खिलाफ मु0अ0सं0 153/2024 दर्ज किया था। यह मुकदमा भारतीय दंड संहिता की धारा 457 और 380 के तहत पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने मामले की विवेचना पूरी कर आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने मामले से जुड़े साक्ष्यों और तथ्यों को प्रभावी ढंग से न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। पुलिस और अभियोजन विभाग की मजबूत पैरवी के कारण न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया। न्यायालय ने फरमान उर्फ बाबू को एक वर्ष 10 माह 28 दिन के कारावास की सजा सुनाई। इसके अतिरिक्त, उस पर एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराधियों को सजा दिलाने के लिए अभियोजन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी पैरवी की जा रही है। पुलिस का लक्ष्य अपराधियों को उनके कृत्यों की सजा दिलाना और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना है।

### खाद्य विभाग की टीम को कैंटर से कुचलने की कोशिश

**खराब मावे की शिकायत पर चेकिंग करने पहुंची थी टीम, आरोपी फरार**

बागपत ,रक्षाबंधन से पहले मिलावटी और खराब खाद्य पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान खाद्य विभाग की टीम पर हमला करने का प्रयास किया गया। टटीरी और शहर कोतवाली क्षेत्र में टीम ने खराब मावा होने की शिकायत पर एक कैंटर को रोककर जांच की कोशिश की। आरोप है कि कैंटर चालक और मावा भट्टी संचालक ने टीम के साथ अभद्रता की और सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए कैंटर से कर्मचारियों को कुचलने का प्रयास किया। इसके बाद आरोपी कैंटर लेकर मौके से फरार हो गए। खाद्य विभाग की शिकायत पर शहर कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। खराब मावे की शिकायत पर कैंटर रोककर जांच कर रही थी टीम सहायक खाद्य आयुक्त डीपी सिंह के नेतृत्व में खाद्य विभाग की टीम रक्षाबंधन के मद्देनजर चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान टीम को एक कैंटर के बारे में शिकायत मिली कि उसमें खराब मावा ले जाया जा रहा है। टीम ने कैंटर को रोककर खाद्य सामग्री की जांच करने का प्रयास किया। आरोप है कि कैंटर चालक और सामान के मालिक ने टीम के साथ हंगामा शुरू कर दिया। दोनों ने खाद्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ अभद्रता की और जांच का विरोध किया। कर्मचारियों को कुचलने का प्रयास, कैंटर लेकर भाग आरोप है कि विवाद बढ़ने के बाद कैंटर चालक ने टीम को डराने और वहां से हटाने के लिए वाहन आगे बढ़ा दिया। खाद्य विभाग की टीम को कथित तौर पर कैंटर से कुचलने का प्रयास किया गया।

## बारिश के चलते कच्चा मकान ढहा गृहस्थी हुई तहस-नहस



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर,जनपद के विजयीपुर विकासखंड अंतर्गत भारी बारिश के चलते कई गांव प्रभावित हुए क्षेत्र के मडौली तथा गुरवल आदि गांव में कई कच्चे मकान गिरकर ध्वस्त हो गए विगत दिवस शनिवार गुरुवल गांव की एक मजदूरी करने वाली गरीब महिला बिजमा देवी का कच्चा मकान पूरी तरह ढह गया जहां मकान के अंदर रखी पूरी गृहस्थी छिन्न भिन्न हो गई मकान में अपने बच्चों के साथ महिला रह रही थी जहां महिला के पति की मौत पूर्व काल में हो चुकी है जैसे ही ग्रामीणों को यह सूचना मिली तो भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए तथा महिला को पड़ोसियों ने अपने घर में रहने की जगह दी वहीं मडौली गांव में भी कई किसानों के मकान भारी बारिश से चलते ध्वस्त हो गए जानकारी लेने पर नायब तहसीलदार ने जानकारी दी कि राजस्व टीम गठित कर भेजी जाएगी तथा जांच करते हुए सभी पीड़ितों को यथा उचित सरकार द्वारा मदद कराई जाएगी

## मानसिक बीमारी से ग्रसित युवती नहर में कूदी हुई मौत

**24 घंटे बाद कोरसम नहर पुल के पास उतराता मिला शव**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव नामामऊ निवासिनी 24 वर्षीय युवती क्षमा पुत्री बृजभान गुप्ता कल रक्षाबंधन पर्व दिवस के दिन सुबह लगभग 10 बजे शाहजहांपुर जलाला गांव के समीप से निकली नहर में कूद गई वह हृदय दृश्य खड़े एक व्यक्ति ने देखा और शोर मचाया युवक की आवाज सुनकर कई लोग मौके पर इकट्ठा हो गए परंतु तब तक नहर के तेज प्रवाह के कारण युवती गहराइयों पर चली गई काफी खोजबीन की गई परंतु युवती का कोई पता नहीं चला देर शाम परिजनों ने खोजबीन जारी की जहां उन्हें युवती के नहर में कूद जाने की सूचना मिली तो उन्होंने नजदीकी थाना बकेवर में लिखित सूचना देकर प्रशासन से खोजबीन की गुहार लगाई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस प्रशासन ने तहकीकात की परंतु प्रशासन को भी कोई सफलता नहीं मिली वहीं दूसरे दिन 24 घंटे बाद कल युवती का शव कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कोरसम नहर के समीप उतराता हुआ दिखाई पड़ा सूचना मिलने पर कल्याणपुर थाना प्रभारी तुषार श्रीवास्तव भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा वहीं परिजनों को जानकारी दी गई जहां मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि युवती पिछले 4 वर्ष से मानसिक बीमारी से ग्रसित थी जिसका इलाज भी चल रहा था मृतका अपने सभी भाई बहनों में सबसे छोटी बताई गई इस घटना से परिवार के सभी सदस्य गमगीन हो उठे।

## राखी बांधकर वापस लौटते समय हुआ एक्सीडेंट एक महिला की मौत दूसरी घायल

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर ,जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मडरांव गांव में एक बाइक तथा चार पहिया कार में भीषण एक्सीडेंट हो गया एक्सीडेंट के पश्चात बाइक में सवार 65 वर्षीय महिला ननकी देवी पत्नी स्वर्गीय रामपाल निवासी गांव सेमरझाल थाना नरवल कानपुर नगर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि छोटी बहन 55 वर्षीय मुन्नी देवी पत्नी सिद्ध गोपाल निवासी रासूपुर थाना औंग जनपद फतेहपुर घायल हुई घायल महिला को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी उपचार हेतु भेजा गया वहीं घायल महिला का पति चालक सिद्ध गोपाल बाल बाल बचा मिली जानकारी के अनुसार दोनों बहने अपने मायके जाफरगंज थाना क्षेत्र के लालपुर गांव गई थी जहां भाइयों को राखी बांधकर वापस लौट रही थी तभी मडरांव के समीप घटना हो गई प्रशासन ने मृतक महिला को कब्जे में लेकर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वही यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया।

## पैंठ बाजार में चोरी करने वाली महिला को दबोचा

**महिला के पास से चोरी का माल बरामद, गाजियाबाद की है रहने वाली, मुकदमा दर्ज**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , लालकुर्ती पैंठ बाजार में दुकानों से लगातार हो रही चोरी की वारदातों के बीच एक महिला चोर को दबोचकर पुलिस को सौंपा गया है। महिला दुकानों में ग्राहक बनकर पहुंचती थी और मौका मिलते ही सामान पर हाथ साफ कर देती थी। एक दुकान से तीन जोड़ी लेडीज सूट चोरी होने की शिकायत के बाद दुकानदार तलाश में जुट गए। दुकानदारों ने महिला को दबोच लिया। सामान की तलाशी ली गई तो उसके पास से ना केवल सूट बल्कि अन्य दुकानों के सामान भी बरामद हो गए। लालकुर्ती थाना प्रभारी हरेंद्र पाल सिंह के मुताबिक, बकरी मोहल्ला निवासी उमंग पुत्र रमेश कुमार कौशल की लालकुर्ती बाजार स्थित दुकान से तीन जोड़ी लेडीज सूट चोरी हो गए थे। दुकानदारों को शक हुआ तो उन्होंने एक महिला का पीछा कर उसे पकड़ लिया। उसके पास एक बैग था, जिसे दुकानदार छीनकर उमंग की दुकान पर पहुंच गए। सामान की तलाशी ली गई तो उसमें ना केवल उमंग की दुकान से चोरी कपड़े थे बल्कि अन्य कई दुकानों से चुराया गया सामान भी था। इसके बाद पुलिस को बुलाकर महिला को उनकी सुपुर्दगी में दे दिया गया। कपड़े समेत काफी सामान बरामद पूछताछ में महिला ने अपना नाम रेखा पत्नी स्वर्गीय राहुल निवासी चूड़ियों वाली गली, गोल मार्केट, बस अड्डे के पास, कोतवाली गाजियाबाद बताया।

पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किए गए तीनों जोड़ी सूट बरामद कर लिए। इसके अलावा तलाशी में परफ्यूम, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, बिंदी, लिपस्टिक समेत अन्य सामान भी मिला।

## भाजपा नेता के बेटे की पिटाई का वीडियो वायरल

**हापुड़ चुंगी पर युवकों से विवाद, पुलिस बेखबर**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ,लोहियानगर थाना क्षेत्र की हापुड़ चुंगी पर देर रात भाजपा नेता के बेटे की पिटाई का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कुछ युवक एक व्यक्ति के साथ मारपीट करते दिख रहे हैं। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस मामले की जानकारी होने से इनकार किया है। जानकारी के अनुसार, काजीपुर निवासी भाजपा नेता सुरेंद्र भड़ाना के बेटे हिमांशु भड़ाना के साथ हापुड़ चुंगी पर कुछ युवकों ने मारपीट की। सुरेंद्र भड़ाना पूर्व में काजीपुर गांव से सभासद रह चुके हैं और वर्तमान में भाजपा के मंडल अध्यक्ष हैं। प्रारंभिक सूचना के मुताबिक, देर रात हिमांशु भड़ाना हापुड़ चुंगी के पास मौजूद था। इसी दौरान उसकी वहां मौजूद कुछ मुस्लिम युवकों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर युवकों ने हिमांशु के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना का वीडियो मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने बनाया था। वायरल वीडियो में कुछ युवक एक व्यक्ति के साथ मारपीट करते हुए स्पष्ट रूप से दिख रहे हैं। हालांकि, वीडियो की सत्यता और उसमें दिख रहे लोगों की पहचान की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना के पीछे का वास्तविक विवाद और मारपीट का कारण भी पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। स्थानीय लोगों के बीच यह भी चर्चा है कि हिमांशु नशे का आदी है और घटना के समय भी वह नशे की हालत में था। हालांकि, पुलिस ने इस दावे की कोई पुष्टि नहीं की है। लोहियानगर थाना प्रभारी सुमित सिंह ने इस मामले की जानकारी होने से इनकार किया है। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने या घटना की आधिकारिक सूचना मिलने के बाद ही मामले की जांच शुरू की जाएगी। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस की भूमिका और घटना की वास्तविक वजह को लेकर सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल, पुलिस द्वारा कोई मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि नहीं हुई है।

## किशोरी भगाने के आरोपी की पिटाई का वीडियो वायरल

**पुलिस कार्रवाई पर उठे सवाल**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , जानी थाना क्षेत्र में एक किशोरी के अपहरण के आरोपी की पिटाई का वीडियो वायरल हुआ है। यह वीडियो पुराना बताया जा रहा है, लेकिन यह फिर से चर्चा में आ गया, जिससे पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, किशोरी को ले जाने के मामले में कुछ युवकों को भीड़ ने पकड़ा था। इस मामले में एक नामजद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हालांकि, आरोप है कि किशोरी को अपनी गाड़ी से ले जाने वाले तालिब नामक युवक को पुलिस ने छोड़ दिया। इसी के बाद अब मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से मामला फिर से गरमा गया है। वायरल वीडियो में कुछ लोग एक युवक को पकड़कर उसके साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय स्तर पर इस वीडियो को लेकर तरह-तरह की चचाएं हैं। हालांकि, वीडियो कब और कहां बनाया गया, इसमें दिख रहा युवक वास्तव में किशोरी को भगाने के मामले से जुड़ा है या नहीं, और मारपीट की वास्तविक वजह क्या थी, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस की कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं, खासकर तालिब को आरोपों के बावजूद छोड़े जाने की बात चर्चा में है। जानी थाना पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो लगभग 15 दिन पुराना है और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। हालांकि, पुलिस की ओर से इस संबंध में कोई स्पष्ट आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।मामले में पुलिस की भूमिका, आरोपों की सच्चाई और वायरल वीडियो की वास्तविकता जांच के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

फिलहाल, यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है और इसके चलते इलाके में मामले को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं।

## 25 हजार का इनामी लुटेरा एनकाउंटर में अरेस्ट

**पैर में लगी गोली, पुलिस को देखते ही फायर झोंका**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, इंदिरापुरम में रात पुलिस ने 25 हजार रुपए के इनामी लुटेरे को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। कनावनी पुस्ता रोड पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने बाइक सवार युवक को रुकने का इशारा किया तो उसने बाइक मोड़कर भागने की कोशिश की। बाइक फिसलने के बाद युवक ने तमंचे से पुलिस पर फायर किया और पैदल भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पैर में गोली मारकर पकड़ लिया। उसके पास से बाइक, तमंचा और 2 कारतूस बरामद हुए। घायल आरोपी की पहचान नांगलोई निवासी संजय के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। एसीपी इंदिरापुरम सूर्यबली मौर्य के मुताबिक, संजय पर लूट के करीब 2 दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में सामने आया कि वह इंदिरापुरम समेत दिल्ली और गाजियाबाद के अलग-अलग इलाकों में महिलाओं से चेन और कुंडल लूट की वारदात करता था। पुलिस को देखते ही बाइक मोड़कर भागने लगा एसीपी इंदिरापुरम सूर्यबली मौर्य ने बताया कि बुधवार रात पुलिस को सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध बाइक से इलाके में घूम रहा है। इसके बाद इंदिरापुरम अजय चौधरी सर्विलांस टीम के साथ कनावनी पुस्ता रोड पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का इशारा किया तो उसने बाइक रोकने के बजाय वापस मोड़ दी और तेजी से भागने लगा। कुछ दूर जाकर बाइक फिसल गई। इसके बाद युवक ने तमंचा निकालकर पुलिस टीम पर फायर कर दिया और पैदल भागने लगा।पुलिस ने उसका पीछा किया और जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। इसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया।20 से ज्यादा महिलाओं से चेन लूटने की बात कबूलीपुलिस के मुताबिक, पूछताछ में संजय ने दिल्ली और गाजियाबाद में 20 से ज्यादा महिलाओं से चेन लूटने की बात बताई है। अगस्त में भी उसने इंदिरापुरम में दो अलग-अलग महिलाओं से चेन लूट की घटनाओं को अंजाम दिया था। पुलिस का कहना है कि वारदात के बाद वह दिल्ली होते हुए हरियाणा की तरफ निकल जाता था, जिससे पुलिस की पकड़ से बच सके।दिल्ली के सराफ को बेचता था लूटी गई चेनपूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि महिलाओं से लूटी गई चेन वह दिल्ली के एक सराफ को बेच देता था। इससे मिलने वाले पैसों को वह अपने खर्च और मौज-मस्ती में इस्तेमाल करता था।

## एसओजी रडार पर:दिग्विजय भाटी-मोहित जाटव ने लगाए आरोप

**पूर्व एसएसपी समेत 9 पुलिसकर्मियों पर हो चुकी कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,पूर्व एसएसपी अविनाश पांडे और सिविल लाइन थाने के आठ पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई के बाद अब उन पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच तेज हो गई है, जिनके नाम दिग्विजय भाटी और मोहित जाटव ने लिए हैं। दोनों ने पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अधिकारियों ने मामले की जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है। इसके अलावा सिविल लाइन थाने के दो दरोगाओं की भूमिका भी जांच के दायरे में आ गई है। दोनों के नाम दिग्विजय और मोहित ने उच्चाधिकारियों को बताए हैं। माना जा रहा है कि जांच पूरी होने के बाद संबंधित पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो सकती है 8 जुलाई को ललिता गौतम हत्याकांड के विरोध में हुआ था प्रदर्शन ललिता गौतम हत्याकांड को लेकर 8 जुलाई को मेरठ में बड़ा प्रदर्शन हुआ था। परिजनों ने पुलिस पर हत्यारों को बचाने का आरोप लगाया था। जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन के दौरान तत्कालीन एसएसपी अविनाश पांडे भी मौके पर पहुंचे थे। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया और एसएसपी ने भी हाथापाई की। इसके बाद पुलिस वैन में हिरासत में लिए गए रवि गौतम के साथ मारपीट का मामला सामने आया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद पुलिस की काफी किरकिरी हुई थी।

### कार्रवाई की चर्चा के बीच आई कांवड़ यात्रा

घटना के बाद एसएसपी अविनाश पांडे के खिलाफ कार्रवाई की चचाएं तेज हो गई थीं। हालांकि इसी दौरान कांवड़ यात्रा शुरू हो गई और मामला कुछ समय के लिए ठंडा पड़ गया। कांवड़ यात्रा खत्म होने के बाद भी तत्काल कोई कार्रवाई सामने नहीं आई। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एसएसपी के भाषण में पुलिस हिंसा के समर्थन से जुड़े बयान भी चर्चा में रहे। इसके बाद उनके खिलाफ कार्रवाई को लेकर अटकलें और तेज हो गईं ललिता गौतम प्रकरण को लेकर आंदोलन कर रहे दिग्विजय भाटी और मोहित जाटव भी बाद में पुलिस कार्रवाई की चपेट में आए।

दोनों के मुताबिक, मोहित पर दर्ज एक मुकदमे के सिलसिले में पुलिस अधिकारियों से बातचीत हुई थी। इसके बाद दोनों एसएसपी कार्यालय पहुंचे थे।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर दो कारों की टक्कर

**ग्रेटर नोएडा में दो लोग घायल, हालत गंभीर यमुना एक्सप्रेसवे पर दो कारों की टक्कर**

अमन लेखनी समाचार



जेवर1, ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र में देर शाम करीब 7:30 बजे एक सड़क हादसा हुआ। चूहड़पुर गांव के पास यमुना एक्सप्रेसवे पर मथुरा से नोएडा जाने वाली लेन पर दो कारों की भीषण टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दोनों कारों में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा रात करीब 7:30 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, दोनों कारें एक ही दिशा में जा रही थीं, तभी पीछे चल रही कार ने आगे वाली कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आगे वाली कार अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे की रेलिंग से जा टकराई। हादसे में दोनों कारों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। राहगीरों ने त्त घायलों को क्षतिग्रस्त कारों से बाहर निकाला और पास के अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, क्योंकि वे अपना नाम और पता बताने की स्थिति में नहीं थे। दुर्घटना के कारण एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

## ग्रेटर नोएडा सोसाइटी में महिला ने गार्ड को गाली दी

**डिलीवरी बॉय को रोका तो भड़की, लात-थप्पड़ मारने का प्रयास**

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा की आम्रपाली सेंचुरियन पार्क टेरेस होम्स सोसाइटी में एक महिला का सुरक्षा गार्डों से विवाद और बदसलूकी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोप है कि महिला ने डिलीवरी बॉय को सोसाइटी में एंट्री देने से पहले सत्यापन के लिए रोके जाने पर हंगामा कर दिया। इस दौरान उसने गार्डों के साथ गाली-गलौज की और मारपीट की कोशिश भी की। जानकारी के मुताबिक, महिला ने मंगलवार रात ऑनलाइन सैनिटरी पैड और खाने का सामान मंगाया था। डिलीवरी बॉय सामान लेकर सोसाइटी पहुंचा तो सुरक्षा गार्ड ने नियम के मुताबिक उसका सत्यापन करने के लिए उसे रोक लिया।

### गार्ड को लात और थप्पड़ मारने की कोशिश

इसी बात पर महिला मौके पर पहुंच गई और गार्डों से बहस करने लगी। आरोप है कि महिला ने शराब पी रखी थी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। वायरल वीडियो में महिला



एक कुर्सी पर बैठे गार्ड को लात मारने की कोशिश करती नजर आ रही है। इसके बाद वह दूसरे गार्ड को थप्पड़ मारने के लिए हाथ उठाती दिखाई देती है। महिला पर गार्डों के साथ गाली-गलौज करने का भी आरोप है। इस दौरान महिला द्वारा कथित तौर पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किए जाने की बात भी सामने आई है।

## 17वीं मंजिल की बालकनी से गिरा 11 साल का बच्चा-मौत

**नोएडा में नीचे खेल रहे दोस्तों से बात करते समय बिगड़ा संतुलन**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , नोएडा सेक्टर-78 स्थित हाइड पार्क सोसाइटी में शाम आर टावर की 17वीं मंजिल से गिरकर 11 साल के बच्चे की मौत हो गई। बच्चा बालकनी में खड़े होकर नीचे खेल रहे दोस्तों से बात कर रहा था। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे जा गिरा। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, आर टावर के फ्लैट नंबर-1703 में रोहित सिंग्ला परिवार के साथ रहते हैं। वह एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। उनका 11 साल का बेटा आरव शाम बालकनी में खड़ा था। इसी दौरान उसने नीचे सोसाइटी परिसर में अपने कुछ दोस्तों को खेलते देखा। वह बालकनी से ही उनसे बातचीत करने लगा। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह 17वीं मंजिल से नीचे जा गिरा। हादसे के बाद सोसाइटी में अफरा-तफरी मच गई।

### गार्ड की मदद से अस्पताल ले गए

घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। सोसाइटी के गार्ड की मदद से बच्चे को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महराजगंज द्वारा थाना सोहगीबरवा क्षेत्रान्तर्गत बाढ़ सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन हेतु 'राहत चौपाल का हुआ आयोजन



अमन लेखनी समाचार

जनपद महराजगंज में बाढ़ से संभावित खतरे से बचाव, आपदा प्रबंधन की पूर्व तैयारियों को परखने तथा स्थानीय नागरिकों की जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से आज दिनांक 27.08.2026 को जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल एवं पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी द्वारा थाना सोहगीबरवा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सोहगीबरवा (तहसील निचलौल) में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित 'राहत चौपाल' में प्रतिभाग किया गया। राहत चौपालके दौरान उच्च अधिकारियों द्वारा स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं बाढ़ से प्रभावित होने वाले परिवारों से सीधा संवाद स्थापित किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा गंडक नदी के तटवर्ती संवेदनशील इलाकों की स्थिति की समीक्षा की गई तथा गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए। प्रशासनिक व पुलिस टीम को 24x7 'हाई अलर्ट' मोड़ पर रहने के निर्देश: बाढ़ राहत कार्य से जुड़ी सभी टीमों (राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग व आपदा प्रबंधन दल) को 24 घंटे सतर्क रहने एवं किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रतिक्रिया देने के लिए पाबंद किया गया। चौपाल में प्राप्त विभिन्न जन-शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए जिलाधिकारी महोदय ने उपस्थित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी न होकर जमीनी स्तर पर गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया गया कि जिला प्रशासन एवं महराजगंज पुलिस हर विपरीत स्थिति में आम जनमानस की सुरक्षा व सहायता के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है।

# सेंट्रल ईद-ए-मिलाद-उन-नबी कमिटी के जुलूस में उमड़ा जनसैलाब



कमिटी अध्यक्ष पूर्व मंत्री मो. आरिफ (नसीम) खान की अध्यक्षता में नेतृत्व मौलाना सय्यद ज़ियाउद्दीन नक्शबंदी ने किया.

अमन लेखनी समाचार संवाददाता

मुंबईः पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के 1501 वें जन्मदिवस के मुबारक अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी घाटकोपर उपनगर में सभा एवं भव्य ईद-ए-मिलाद-उननबी जुलूस का आयोजन किया गया। यह भव्य जुलूस सेंट्रल ईद-ए-मिलाद-उन-नबी कमिटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मो. आरिफ (नसीम) खान की अध्यक्षता में निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व मौलाना सय्यद ज़ियाउद्दीन नक्शबंदी साहब ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में. पवन खेड़ा सांसद एवं मुख्य प्रवक्ता अकउउ, तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के परपोते. तुषार गांधी जी सहित अनेक राजनीतिक, धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र के मान्यवर उपस्थित रहे। इस अवसर पर पैगंबर मोहम्मद साहब द्वारा दिए गए शांति, प्रेम, भाईचारे, सद्भावना और मानवता का संदेश दिया गया।

# तेलगुड़वा तिराहे पर कोयला लदा ट्रेलर पलटा, दो घायल

सवारी बस को बचाने के प्रयास में हुआ हादसा, सड़क पर बिखरा कोयला जेसीबी की मदद से यातायात कराया गया बहाल।



अमन लेखनी समाचार

डाला, सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के तेलगुड़वा तिराहे पर गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब रेनुकूट की ओर से आ रहा कोयला लदा ट्रेलर सवारी बस को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए सड़क पर पलट गया। हादसे में ट्रेलर चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर काफी देर तक यातायात प्रभावित रहा।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रेनुकूट की तरफ से आ रहा कोयला लदा ट्रेलर तेलगुड़वा तिराहे के पास पहुंचा। इसी दौरान सामने आ रही सवारी बस को बचाने के प्रयास में ट्रेलर चालक ने वाहन को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन ट्रेलर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया और सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद ट्रेलर में लदा कोयला सड़क पर फैल गया। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और ट्रेलर में फंसे दोनों घायलों को बाहर निकालकर ऑटो रिक्शा की मदद से चोपन अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर दोनों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, ट्रेलर पलटने के कारण बड़ी मात्रा में कोयला सड़क पर बिखर जाने से वाराणसी- शक्तिनगर मार्ग का मुख्य वन-वे प्रभावित हो गया और सड़क के एक तरफ वाहनों की लंबी कतार लगने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही चोपन पुलिस और डायल-112 की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए सड़क पर बिखरे कोयले को जेसीबी मशीन की मदद से हटवाया और सड़क को आवागमन के लिए साफ कराया। काफी प्रयास के बाद यातायात व्यवस्था सामान्य हो सकी।.इस संबंध में चोपन थाना प्रभारी गोपाल जी गुप्ता ने बताया कि अनपरा- शक्तिनगर की ओर से कोयला लदा एक ट्रेलर जा रहा था, जो सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। दुर्घटना में चालक आशीष कुमार (लगभग 25 वर्ष), निवासी शिवद्वार, घोरावल तथा खलासी घायल हुए हैं। खलासी का नाम अभी ज्ञात नहीं हो सका है। दोनों घायलों का उपचार जारी है। पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

खास समाचार

## जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक महोदय ने ग्राउंड जीरो पर उतरकर नेपाल में आए फ्लैश फ्लड के दृष्टिगत बाढ़ संबंधी तैयारियों का लिया जायजा

अमन लेखनी समाचार



महाराजगंज, टेल फाल के निकट एसडीआरएफ की बोट में नारायणी नदी में उतरकर तैयारियों को देखा। सोहगिबरवा गांव में राहत चौपाल में ग्रामीणों की सुनी समस्या, निस्तारण हेतु दिए निर्देश। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों द्वारा व्यक्त समस्याओं के निस्तारण के विषय में किया आश्वस्त, कहा सभी समस्याओं का किया जाएगा निदान। ग्रामीणों से बाढ़ के दृष्टिगत किया संवाद। कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है, घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने ग्रामीणों को ताकीद किया कि नदी के किनारे पर बच्चों और बुजुर्गों को न जाने दें। नदी तटीय क्षेत्रों से दूरी बनाए रखें।

## कस्टम अधिनियम के तहत 06 बोरी पीली यूरिया खाद व 02 अदद मोटरसाइकिल सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




महाराजगंज. नेपाल राष्ट्र के सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में आवश्यक वस्तुओं के भंडारण व तस्करी की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक महराजगंज श्री शक्ति मोहन अवस्थी द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, आज दिनांक 27.08.2026 को थाना नौतनवा पुलिस टीम द्वारा बैरियहवा पुल के पास से 06 बोरी पीली यूरिया खाद तथा 02 अदद मोटरसाइकिल सहित 02 अभियुक्तों प्रमोद पुत्र बाबूराम व सूरज चाई पुत्र रामबली को हिरासत में लिया गया। अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 113 कस्टम अधिनियम के तहत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है

## मुकदमा दर्ज होने के दो घंटे के भीतर नाबालिग अपहृता को पुलिस ने किया बरामद

अमन लेखनी समाचार

घुघली/महराजगंज। घुघली थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुकदमा दर्ज होने के महज दो घंटे के भीतर अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली। बताया जाता है कि नाबालिग लड़की के परिजनों ने उसके लापता होने की सूचना पुलिस को दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए घुघली चौकी प्रभारी शिवम्‌रॉय ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस टीम ने संभावित स्थानों पर दबिश देने के साथ ही उपलब्ध साक्ष्यों और तकनीकी माध्यमों की मदद से खोजबीन तेज कर दी। पुलिस की सक्रियता का परिणाम रहा कि मुकदमा दर्ज होने के करीब दो घंटे के भीतर ही नाबालिग अपहृता को बरामद कर लिया गया। पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। बरामदगी के बाद पुलिस ने नाबालिग को नियमानुसार परिजनों/संबंधित न्यायिक प्रक्रिया के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई शुरू कर दी। चौकी प्रभारी शिवम्‌रॉय व का०रजत प्रजापति, महिला का०मौसम भारती, की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं एवं नाबालिगों से संबंधित मामलों में पुलिस पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ कार्रवाई कर रही है।

# नेपाल के रसुवा जिले में आई फ्लैश फ्लड के दृष्टिगत जनपद महराजगंज में जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर

विंध्यज्योति



जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल एवं पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने गुरुवार को ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर नारायणी नदी एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में बाढ़ से निपटने की तैयारियों का स्थलीय जायजा लिया। अधिकारियों ने टेल फाल के निकट एसडीआरएफ की बोट से नारायणी नदी में उतरकर सुरक्षा एवं राहत-बचाव की तैयारियों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने राजस्व, पुलिस, एसएसबी एवं एसडीआरएफ के अधिकारियों को नारायणी नदी के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि यदि नेपाल की ओर से नदी के रास्ते कोई शव आता है तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई तत्काल सुनिश्चित की जाए। शव के अज्ञात होने की स्थिति में उसकी पहचान के प्रयासों के साथ-साथ पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया जाए। इसके बाद जिलाधिकारी ने सोहगीबरवा क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों से संवाद कर बाढ़ की स्थिति और प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि नदी के तटीय एवं निचले क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से न जाएं तथा बच्चों और बुजुर्गों को नदी के किनारे बिल्कुल न जाने दें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है, इसलिए किसी को घबराने की आवश्यकता नहीं है। किसी भी समस्या की स्थिति में नजदीकी पुलिस थाने अथवा संबंधित अधिकारी को तत्काल सूचना दें, प्रशासन द्वारा तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। सोहगीबरवा गांव में आयोजित राहत चौपाल में जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। ग्रामीणों ने मुख्य रूप से संपर्क मार्ग एवं विद्युत आपूर्ति की समस्या उठाई। जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता, पीडब्ल्यूडी को संपर्क मार्ग के लिए आगणन तैयार कर प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए और विद्युत विभाग को भी समस्या का समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। ग्रामीणों द्वारा हाईस्कूल की आवश्यकता बताए जाने पर उन्होंने प्रभावी कार्रवाई का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने क्षेत्र में सहकारी समिति एवं क्रय केंद्र की स्थापना, बंद सामुदायिक शौचालय को संचालित कराने तथा पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सक की उपलब्धता संबंधी समस्याएं भी बताईं।

# ॐ शांति – अत्यंत दुखद समाचार

जिगना थाना क्षेत्र के नीबी गहरवार गांव से दुखद खबरः सतीश सिंह की माता निर्मला सिंह का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

अमन लेखनी समाचार



मिर्जापुर। छानबे गैपुरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा नीबी गहरवार (ब्लॉक-96) से एक बेहद दुखद समाचार सामने आया है। यहां निवासी सतीश सिंह की पूज्य माता जी निर्मला सिंह का आज जीवन लीला समाप्त हो गई और वे पंचतत्व में विलीन हो गईं। उनके निधन का समाचार मिलते ही पूरे ग्राम सभा नीबी गहरवार सहित जिगना क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। बताया गया कि वे एक सरल स्वभाव, धर्मपरायण और मिलनसार महिला थीं। गांव में सभी के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ी रहती थीं। उनका यूं चले जाना परिवार के लिए ही नहीं, पूरे ग्राम सभा के लिए अपूरणीय क्षति है। आज उनका जीवन सफर तो पूरा हो गया, लेकिन उनकी ममता और दी हुई सीख सदा यादों में जीवित रहेगी।

### विंध्यज्योति परिवार की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि

ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार, विशेषकर पुत्र सतीश सिंह एवं समस्त परिजनों को इस असीम दुख को सहने की शक्ति, धैर्य और सांत्वना प्रदान करें।

ॐ शांति!

निवास स्थानः ग्राम - नीबी गहरवार, ग्राम सभा 96, थाना - गैपुरा , ब्लॉक, विजयपुर जिला - मिजार्पुर (उ.प्र.)

# धान की खेती में 50 फीसदी तक पानी की बचत का मॉडल बना किसानों के आकर्षण का केन्द्र



अमन लेखनी समाचार

कुरुक्षेत्र। गुरुकुल कुरुक्षेत्र का प्राकृतिक कृषि फार्म देशभर के किसानों के लिए प्राकृतिक खेती की जीवंत पाठशाला बन चुका है। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले से कृषि अधिकारियों के नेतृत्व में 29 सदस्यीय किसान दल ने गुरुकुल पहुंचकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्राकृतिक खेती के सिद्धान्तों, तकनीकों और इसके व्यावहारिक स्वरूप को नजदीक से जाना। गुरुकुल के प्राकृतिक फार्म पर विकसित विविध फसलों, अत्याधुनिक बागवानी तथा पर्यावरण संरक्षण के मॉडल ने किसानों को विशेष रूप से प्रभावित किया। कृषि अधिकारी रवि कुमार, राजकुमार और दीपक कुमार के नेतृत्व में खेकड़ा, पिलाना और बागपत ब्लॉक के 29 किसान कुरुक्षेत्र पहुंचे। 24 से 27 अगस्त तक चले इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक खेती के वैज्ञानिक पक्ष के साथ-साथ खेत पर इसके व्यावहारिक प्रयोगों की जानकारी दी गई।

### प्राकृतिक खेती के वैज्ञानिक पहलुओं को समझा

प्रशिक्षण के दौरान प्राकृतिक खेती के विशेषज्ञ डॉ. हरिओम एवं डॉ. बलजीत सहारण ने किसानों को प्राकृतिक खेती के मूलभूत सिद्धान्तों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने खेत में केंचुओं की उपयोगिता, ऑर्गेनिक कार्बन, सूक्ष्म जीवों की भूमिका तथा मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बागपत के किसानों का मार्गदर्शन किया। किसानों ने विशेषज्ञों की बातों को बेहद रुचि और तन्मयता से सुना तथा अपने अनुभवों से जुड़े प्रश्न भी पूछे।

### ड्रैगन फ्रूट से लेकर स्ट्रॉबेरी तक—बागवानी ने मोहा मन

गुरुकुल के प्राकृतिक कृषि फार्म का भ्रमण करते हुए किसानों ने यहां विकसित विभिन्न फसलों एवं बागवानी का अवलोकन किया। ड्रैगन फ्रूट, खजूर, अन्ना सेब, केला, ताईवान अमरूद, स्ट्रॉबेरी, आम और लीची सहित अनेक फलों की शानदार बागवानी देखकर किसान खासे प्रभावित हुए। खेतों में विकसित हरी सब्जियों का ह्यएटीएम मॉडलह्ल भी किसानों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। प्राकृतिक फार्म पर केंचुए, चिड़िया, गौरैया जैसे मित्रजीवों की मौजूदगी ने भी किसानों का ध्यान आकर्षित किया। प्राकृतिक वातावरण में जैव-विविधता की इस उपस्थिति ने किसानों को यह समझने का अवसर दिया कि प्राकृतिक खेती केवल रसायनों से दूरी बनाने का नाम नहीं, बल्कि मिट्टी, पानी, फसल, जीव-जंतुओं और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करने की समग्र पद्धति है।

# खेलो इंडिया संवाद में सांसद जगदंबिका पाल ने युवाओं से खेल को जीवन का हिस्सा बनाने का किया आह्वान

अमन लेखनी समाचार

सिद्धार्थनगर नूरुल खाँ, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु में मेरा युवा भारत सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में ह्यखेलो इंडिया संवादह्ल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल रहे। उन्होंने युवा खिलाड़ियों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व, अनुशासन, लक्ष्य के प्रति समर्पण और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विभिन्न जिलों के एथलेटिक खिलाड़ियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया है। प्रधानमंत्री का यह प्रयास देश के युवाओं में खेलों के प्रति नई ऊर्जा और विश्वास पैदा करने वाला है। उन्होंने कहा कि मोदी जी देश के पहले प्रधानमंत्री है जो अपने देश के खिलाड़ियों से सीधे संवाद कर रहे है सांसद जगदंबिका पाल ने अपने खेल जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे स्वयं हॉकी खेल चुके हैं तथा स्टेट और विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिभाग कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज भी उनकी फिटनेस के पीछे खेलों का बड़ा योगदान है। युवाओं को प्रेरित करते हुए सांसद ने कहा कि यदि मन में जुनून और लक्ष्य को हासिल करने का जज्बा हो तो कोई भी मंजिल असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुरूप 2036 के ओलंपिक में भारत के युवा अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें और देश के लिए स्वर्ण पदक जीतें, इसके लिए आज से ही 5 से 15 वर्ष की उम्र के बच्चों को अपना लक्ष्य तय कर पूरी मेहनत और तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि क्षेत्र का कोई भी खिलाड़ी प्रतिभा और मेहनत के बावजूद आर्थिक अभाव के कारण खेल से वंचित नहीं रहेगा। यदि किसी खिलाड़ी या टीम को प्रतियोगिता के लिए कहीं जाना है और आर्थिक समस्या सामने आती है, तो आपका सांसद आपके सहयोग के लिए हमेशा खड़ा रहेगा। सांसद ने मेजर ध्यानचंद जैसे महान खिलाड़ियों का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपने खेल कौशल से देश को विश्व पटल पर गौरव दिलाया। आज खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण, अनुशासन और देश का नाम रोशन करने का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर की शीतल और सुमित अखिल जैसे खिलाड़ियों का उदाहरण देते हुए कहा कि देश के ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि सच्चे खिलाड़ी नशे जैसी बुराइयों से दूर रहते हैं और अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित रहते हैं। सांसद ने युवाओं से नशे से दूर रहने और खेलों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज मोबाइल और डिजिटल माध्यमों के अत्यधिक इस्तेमाल के कारण बच्चे घरों से बाहर निकलकर मैदान में समय कम दे रहे हैं। युवाओं को मोबाइल की दुनिया से बाहर निकलकर खेल के मैदान में अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपने गांव और क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी गांव का कोई युवा किसी भी खेल में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है तो उसकी प्रतिभा को तलाशकर उसे उचित मंच तक पहुंचाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

# थाना नौतनवा पुलिस/एंटी रोमियो टीम द्वारा बालिकाओं व छात्राओं को किया गया जागरूक



अमन लेखनी समाचार

पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन मे बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति फेज-5.0' अभियान के अंतर्गत थाना नौतनवा पुलिस व एंटी रोमियो टीम द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज दिनांक 27.08.2026 को थाना नौतनवा की एंटी रोमियो व मिशन शक्ति टीम द्वारा राजकीय कन्या इंटर कालेज व थाना क्षेत्र में जाकर छात्राओं एवं बालिकाओं के साथ संवाद स्थापित किया गया। बालिकाओं को सुरक्षा के दृष्टिकोण से विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090 (महिला पावर हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 108/102 (स्वास्थ्य सेवा) तथा 'गुड टच-बैड टच' के बारे में विस्तार से समझाया गया। छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा साइबर धोखाधड़ी की शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर 1930 के प्रति जागरूक किया गया।शासन द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, महिला समृद्धि योजना तथा स्वयं सहायता समूह के बारे में विस्तृत जानकारी देकर उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति टीम का नेतृत्व म0उ0नि0 तनु दुबे, म0रि0का0 नम्रता, म0रि0का0 सोनम कुमारी के द्वारा किया गया

# 'अधिकारी-विद्यार्थी संवाद' कार्यक्रम के तहत क्षेत्राधिकारी फरेन्दा द्वारा जीजीआईसी फरेन्दा की छात्राओं को किया गया प्रेरित



अमन लेखनी समाचार

महराजगज जनपद में शासन के निदेर्शानुसार जनपद में कार्यरत प्रशासनिक, पुलिस एवं वन सेवा के युवा अधिकारियों द्वारा इंटरमीडिएट स्तर के छात्र-छात्राओं के साथ नियमित संवाद, मार्गदर्शन एवं अनुप्रेरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी दीपशिखा वर्मा द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (ऋऋकउ), में एक विशेष वर्कशॉप/संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी फरेन्दा द्वारा इंटरमीडिएट की छात्राओं से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें करियर मार्गदर्शन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, समय प्रबंधन तथा अनुशासित जीवनशैली के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने छात्राओं को उच्च शिक्षा के अवसरों, महिला सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर सफलता प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया

अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com




## मनोज की लास्ट मैन इन टावर का टीजर आउट

मुंबई। मनोज बाजपेयी की अगली फिल्म 'लास्ट मैन इन टावर' का टीजर रिलीज हो गया है। ये फिल्म बस कुछ ही दिनों में सिनेमाघरों में रिलीज होनेवाली है। बेन रेखी के निर्देशन में बनी इस फिल्म को राणा दग्गुबाती की 'स्प्रिट मीडिया' ने प्रड्यूस किया है। फिल्म की ये कहानी मनोज बाजपेयी की झलकियों से शुरू होती है जो एक स्कूल मास्टरजी, रिटायर्ड टीचर हैं, जो अपनी कम्यूनिटी के लोगों की इच्छाओं के विरुद्ध खड़ा है। यही वजह है कि उन्हें कोई पसंद नहीं करता। टीजर की शुरुआत मनोज बाजपेयी की कांपती आवाजों से होती है जिसमें वो कहते हैं, 'इंसान सिर्फ उतना ही तो नहीं हो सकता न जितना उन्हें समाज ये उसके आस-पडोस के लोग जानते हैं।' इसके बाद एक लाइन में कहा जा रहा है- रिश्तों को तो रिस्पेक्ट मिल ही जाती है, पर वो हैं भी क्या इस रिस्पेक्ट लायक? इसके बाद मनोज बाजपेयी के किरदार को लेकर कोई कहता है- मुझे तो नहीं लगता कि उसका पढ़ाया कभी कोई पास भी होता है। वहीं महिलाएं उनके बारे में आपस में बात करती हैं- बाहर तो गांधी जी बने फिरते हैं, घर में तो बिल्कुल तानाशाह हैं।

लाइफ Style



## दीया

### किरदार की सच्चाई को समझना जरूरी

फिल्म इंडस्ट्री में हम अक्सर सुनते हैं कि एक्ट्रेसेस से कई बार शूट के दौरान मेकर्स कुछ ऐसी डिमांड करते हैं, जिसे पूरा करना पाना उनके लिए बेहद मुश्किल होता है। कुछ ऐसा ही बॉलीवुड एक्ट्रेस दीया मिर्जा के साथ भी हुआ। हाल ही में दीया ने अपने कॅरियर के शुरुआती दौर और फिल्मों में काम करने के दौरान सामने आई चुनौतियों को लेकर खुलकर बात की है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दीया ने साल 2004 में आई फिल्म 'तुमसा नहीं देखा' के गाने 'मुझे तुमसे मोहब्बत है' से जुड़ा एक एक्सपीरियंस शेयर किया। दीया ने बताया इस फिल्म के एक गाने की शूटिंग की दौरान उन्होंने 100 लोगों के सामने 'कपड़े उतारने' पड़े थे। दीया ने बताया, 'इसने मुझे ऐसे आजाद किया जैसा मैंने कभी सोचा भी नहीं था। इसके बाद पूरे आत्मविश्वास के साथ मैं इस गाने को परफॉर्म कर पाई, उसकी वजह यह थी कि वैभवी मर्चेंट इस गाने की कोरियोग्राफर थीं। वहीं, इस पर काम करने वाले सभी लोगों ने मुझे बहुत सुरक्षित महसूस कराया।'


दीया ने आगे बातचीत में बताया, 'लेकिन एक लड़की के तौर पर यह शायद मेरे लिए सबसे मुश्किल कामों में से एक था। क्योंकि, मुझे सेट पर मौजूद सैकड़ों पुरुषों के सामने लगभग निर्वस्त्र होना पड़ा। बस अंडरवियर और ब्रा में शूट करना पड़ा।' उन्होंने आगे कहा, 'उस वक्त तक मैं ये समझ चुकी थीं कि एक एक्टर के लिए किरदार की सच्चाई को समझना सबसे ज्यादा जरूरी है। मैं इसे कैसे समझाऊं? ऐसा लगा तो सही, लेकिन असल में वैसा महसूस नहीं हुआ, क्योंकि तब तक यानी जब हमने गाना शूट किया मैं यह अच्छी तरह समझ चुकी थी कि एक एक्टर के तौर पर किरदार की सच्चाई को तलाशना और अपने रोल के जरिए आप क्या संदेश दे रहे हैं, यह कितना जरूरी है।

हॉलीवुड मसाला



## 16 साल में इस हॉरर फिल्म के आए 6 पार्ट

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की मशहूर हॉरर फ्रैंचाइजी इनसीडियस का छठा पार्ट 'इनसीडियस: आउट ऑफ फर्दर' थिएटर्स में रिलीज हो चुका है। सिर्फ 171 करोड़ रुपए (करीब 18 मिलियन डॉलर) के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में अब तक लगभग 610 करोड़ रुपए (64.7 मिलियन डॉलर) कमा लिए हैं। भारत में भी ये फिल्म दर्शकों को डराने और सिनेमाघरों तक खींच लाने में कामयाब रही है। इस हॉरर फ्रेंचाइजी की खास बात यह है कि इनसीडियस 6 से पहले इसके पांच पार्ट रिलीज हो चुके हैं और ये सारी फिल्में सुपरहिट रही हैं। 21 अगस्त 2026 को अमेरिका और भारत समेत कई देशों में रिलीज हुई इस फिल्म ने ओपनिंग वीकेंड में ही दुनियाभर में 60 मिलियन डॉलर से ज्यादा की कमाई कर ली थी।



## गॉड ऑफ वॉर सीरीज में क्रेटोस बनेंगे डेव बटिस्टा

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड एक्टर डेव बटिस्टा की एंट्री पॉपुलर वीडियो गेम फ्रेंचाइजी 'गॉड ऑफ वॉर' की लाइव-एक्शन टीवी सीरीज में हो गई है। वह एक्टर रयान हर्स्ट को रिप्लेस कर रहे हैं। अमेजन प्राइम वीडियो और सोनी की इस सीरीज में डेव बटिस्टा को क्रेटोस के रोल के लिए आधिकारिक तौर पर फाइनल कर लिया गया है। डेव बटिस्टा को ड्यून और गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी जैसी फिल्मों में उनके काम के लिए जाना जाता है। रयान हर्स्ट को जनवरी 2026 में क्रेटोस के तौर पर अनाउंस किया गया था। लेकिन जून में शूटिंग के दौरान उनके बाइसेप में गंभीर चोट लग गई। उन्हें सर्जरी करानी पड़ी और उनकी वजह से प्रोडक्शन को दोबारा शुरू करने में काफी देरी होने वाली थी। ऐसे में अमेजन और सोनी ने क्रेटोस के रोल के लिए नए एक्टर की तलाश शुरू की। कुछ समय पहले खबर आई थी कि डेव बटिस्टा इस किरदार को निभाने के लिए बातचीत कर रहे हैं। अब उन्हें आधिकारिक तौर पर इस रोल के लिए चुन लिया गया है।

## थ्रिलर फिल्म 'डियर हसबैंड' 25 सितम्बर को रिलीज होगी.......

अमन लेखनी समाचार

शूटिंग सेंस के बैनर तले एक्टर से प्रोड्यूसर बने रोहित रजावत के द्वारा निर्मित थ्रिलर फिल्म 'डियर हसबैंड' 25 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। राष्ट्रीय स्तर पर इस फिल्म का वितरण बॉलीवुड की चर्चित फिल्म वितरण संस्था ए वन सिने क्रिएशन के संचालक बालकृष्णा श्रीवास्तव के द्वारा किया जा रहा है। फिल्म में अजीत गोस्वामी, पूर्णिमा शर्मा, रोहित रजावत, धर्मेंद्र कुमार, विश्वजीत माइती और सतीश त्रिपाठी ने मुख्य किरदारों को निभाया है. फिल्म का संगीत रोहित दुबे, जय मेहता, देवरथ शर्मा, अभय त्यागी ने कंपोज किया है। निर्देशक धर्मेंद्र कुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म के कथा, पटकथा एवं संवाद लेखक अजीत गोस्वामी हैं। फिल्म में अजीत गोस्वामी, पूर्णिमा शर्मा, रोहित रजावत, धर्मेंद्र कुमार, विश्वजीत माइती और सतीश त्रिपाठी ने मुख्य किरदारों को निभाया है। पिछले दिनों मुंबई में इस फिल्म का ट्रेलर जारी किया जा चुका है। फिल्म का ट्रेलर दमदार है जिसमें एक बेहतरीन कहानी को ड्रामा, एक्शन, थ्रिल




और म्युज़िक के ताने बाने से बुना गया है। फिल्म के तीन गाने भी ट्रेलर लॉन्चिंग के क्रम में स्क्रीन पर दिखाए गए जिन्हें सभी ने पसंद किया। एक होली गीत भावनात्मक रिश्ता ब्यान करता है तो 'खो जाना....' बेहद रोमांटिक गीत है वहीं 'रंग तेरा....' होली के बैकग्राउंड में रंगा हुआ एक कर्णप्रिय प्रेम गीत है। फिल्म की कहानी एक छोटे से शहर के रहने वाले सीधे सादे लड़के की है जो सिया से प्यार करने लगता है। वह वादा करता है कि शहर में जाकर नौकरी करेगा और फिर सेटल होकर वापस आएगा। सिया वफादारी से इंतजार करती है, जबकि उसके पिता उसे ताने मारते रहते हैं कि लड़के ने उसे छोड़ दिया है। होली के मौके पर, लड़के को आखिरकार नौकरी मिल जाती है मगर उसके बाद ट्विस्ट आता है जो बहुत ही थ्रिल मोड़ ले लेता है। उत्तर प्रदेश के गोंडा जिला के मनकापुर स्थित टिकरी जंगल और अन्य निकटवर्ती इलाकों में फिल्माई गई इस फिल्म में सिनेदर्शकों के बदलते हुए टेस्ट को ध्यान में रखते हुए फिल्म की कथावस्तु में आम लीक से हटकर नए अंदाज में रोमांस, एक्शन, कॉमेडी और ट्रेजडी का भी समावेश किया गया है।

निमार्ता और अभिनेता रोहित राजावत अपनी इस फिल्म को लेकर इनदिनों काफी उत्साहित हैं।

प्रस्तुति : काली दास पाण्डेय

टीवी मसाला



## घमासान का ट्रेलर रिलीज, खूंखार डाकू बने नजर आए अरशद

नई दिल्ली। तिग्मांशु धूलिया निर्देशित दमदार ड्रामा 'घमासान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में प्रतीक गांधी और अरशद वारसी आमने-सामने नजर आएंगे। यह सीरीज सत्ता, राजनीति, वफादारी और अस्तित्व के संघर्षों को उजागर करती है, जहां एक दृढ निश्चयी पुलिस अधिकारी एक कुख्यात अपराधी से भिड़ता है और नैतिकता के विभिन्न पहलुओं को एक साथ समेटे हुए है। तिग्मांशु धूलिया द्वारा निर्देशित 'घमासान' का ट्रेलर दर्शकों को सत्ता, संघर्ष और अस्तित्व की कसौटी पर आधारित एक कठोर दुनिया की पहली झलक दिखाता है। हिंदी भाषी क्षेत्र की पृष्ठभूमि पर आधारित, 'घमासान' धूलिया की विशिष्ट कहानी कहने की शैली को दर्शाता है, जो नैतिक रूप से जटिल दुनिया में रची-बसी है, जहां सत्ता और अस्तित्व के लिए आसान समाधान की गुंजाइश नहीं रहती। महाराज के रूप में अरशद वारसी और आदित्य के रूप में प्रतीक गांधी के बीच फिल्म में टकराव दिखाया जाएगा जो पारंपरिक पुलिस-बनाम-अपराधी संघर्ष से कहीं आगे बढ़कर सत्ता, वफादारी, राजनीति और अस्तित्व से ग्रस्त एक संपूर्ण व्यवस्था पर नियंत्रण के लिए एक उच्च दांव वाली लड़ाई में बदल जाता है। घमासान को एमएएमआई मुंबई फिल्म फेस्टिवल, सिनेवेस्टर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल सहित कई प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में दिखाया जा चुका है। घमासान 11 सितंबर से जी5 पर प्रसारित होगी।

## हर्ष को ट्रोल करने वालों पर बरसी भारती

मुंबई। शो खतरा खतरा खतरा तथा हम तुम और क्वारंटाइन के बाद कामेडियन भारती सिंह ने एक बार फिर अपने पति और लेखक हर्ष लिंबाचिया के सथ बतौर प्रोड्यूसर इंडियन गेम शो बनाया है। सोनी चैनल पर प्रसारित हो रहे इस शो में दोनों चार साल बाद एक-दूसरे के साथ मेजबानी भी कर रहे हैं। हर्ष के साथ पत्नी से ज्यादा एक अच्छे दोस्त का रिश्ता रखने वाली भारती से उनके शो, कॅरियर तथा काम और मातृत्व की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन पर बातचीत की। अक्सर यह देखा जाता है कि अगर पत्नी ज्यादा कमाई या प्रसिद्ध वाली हो तो लोग उसका मजाक उड़ाते हैं, इस पर भारती ने कहा कि फिलहाल तो मैं उसकी कमाई पर बैठी हूं। हमने कभी इस चीज पर ध्यान ही नहीं दिया। मैं पहले भी बोल चुकी हूं कि हम पति-पत्नी कम, उससे कहीं ज्यादा अच्छे दोस्त हैं। दोस्तों में तो कम ज्यादा कमाना या प्रसिद्धि वाली बात होती ही नहीं। रही बात मजाक की तो मैं भी कभी-कभी उससे मजाक में बोल देती हूं कि मैं तुम्हारी सीनियर हूं।



## चुंबकः 5 पड़ोसी, 10 दोस्त और हजार हंगामे की कहानी



मुंबई। क्या होगा जब आपके पड़ोसी ही आपका परिवार बन जाएं? एक ऐसा परिवार जो चुंबक की तरह साथ चिपका ही रहे, फिर चाहे लाख हंगामे हों? आने वाली सीरीज 'चुंबक' कुछ इसी ताने-बाने पर बुनी गई है, जिसका ट्रेलर हाल ही रिलीज किया गया और खूब पसंद किया जा रहा है। यह एक फैमिली कॉमेडी है, जिसमें पांच पड़ोसी, 10 दोस्त और उनके हजार हंगामों की कहानी है। इन हंगामों के बीच फिर ऐसा बम फटता है कि सबकी दुनिया ही पलट जाती है और मजेदार ट्विस्ट देखने को मिलते हैं। 'चुंबक' को 'साराभाई वर्सेस साराभाई' और 'खिचड़ी' जैसे शोज बनाने वाले हैट्स ऑफ प्रोडक्शन ने बनाया है। जेडी मजीठिया और आतिश कपाड़िया ने प्रोड्यूस किया है। आतिश कपाड़िया ही इसके डायरेक्टर हैं। यह सीरीज आज के दौर के भारतीय मोहल्लों पर आधारित है और यह दिखाती है कि जब पड़ोसी परिवार का ही हिस्सा बन जाते हैं, तो क्या होता है। तब घर की कोई छोटी-सी बात भी जल्द ही पूरे मोहल्ले में चर्चा का विषय बन सकती है। नतीजा यह होता है कि लोग बिना मांगे सलाह देने लगते हैं, गप्पे लगाते हैं, जश्न मनाते हैं और मदद के लिए हमेशा कोई न कोई तैयार रहता है। 'चुंबक' के ट्रेलर में कई तरह के मजेदार किरदारों को दिखाया गया है, जिनकी अपनी-अपनी अजीब आदतें हैं, रिश्ते हैं और कमियां भी हैं। एक तरफ मिकी और ट्विंकल जैसा रोमांटिक कपल है, जो अपने ही सपनों की दुनिया में खोया हुआ लगता है, दूसरी ओर आदित्य और प्रियंका खन्ना हैं, जिनका रिश्ता शांत और सुलझा हुआ लगता है, पर असल में हालात बिल्कुल भी शांत नहीं हैं। फिर तारापोरवाला परिवार है, जिसमें मम्मा गुलशन, फ्रेडी और हुतोक्सी हैं।

## सितंबर में आएंगी 14 फिल्में, बॉक्स ऑफिस पर होगा इन बड़ी बजट की मूवीज का क्लैश

नई दिल्ली। सितंबर में एक या दो नहीं, 14 फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली हैं। दिलचस्प बात ये है कि बड़ी-बड़ी फिल्मों का आपस में क्लैश होने वाला है। सितंबर 2026 में सिनेमाघरों में फिल्मों की भरमार देखने को मिलने वाली है। इस महीने अक्षय कुमार, सिद्धार्थ मल्होत्रा, नानी, मनोज बाजपेयी और करीना कपूर खान जैसे सितारे बड़े पर्दे पर अलग-अलग अंदाज में नजर आएंगे। क्राइम थ्रिलर, एक्शन, कॉमेडी, फैंटेसी और पौराणिक फिल्मों के साथ हॉलीवुड की चर्चित रिलीज भी दर्शकों का मनोरंजन करेंगी। 4 सितंबर- तीन फिल्मों का क्लैश।



**मिर्जापुर - द मूवी** : यह 'मिर्जापुर' की वेब सीरीज की दुनिया को बड़े पर्दे पर लाने वाली फीचर फिल्म है। इसमें पंकज त्रिपाठी और अली फजल हैं। वहीं मुन्ना भैया के रूप में दिव्येंदु और कई अन्य कलाकारों की वापसी हो रही है। 31 अगस्त से इसकी एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है।

**हाउ टू रॉब ए बैंक** : डेविड लीच के डायरेक्शन में तैयार हुई यह एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। इसमें निकोलस हॉल्ट हैं। यह बैंक डकैतों के एक ऐसे गिरोह की कहानी है जो अपनी डकैती को सोशल मीडिया पर लाइव स्ट्रीम करते हैं।

11 सितंबर - अक्षय की फिल्म होगी रिलीज

**जीवन बीमा योजना** : अभिषेक डोगरा के निर्देशन में बनी यह एक हिंदी क्राइम-कॉमेडी फिल्म है जो गलतफहमियों और जुड़वा किरदारों पर आधारित है। इसमें अरशद वारसी डबल रोल में हैं, साथ ही संजीदा शेख और विजय राज नजर आएंगे।

**लास्ट मैन इन टावर**

अरविंद अडिगा के मशहूर उपन्यास पर आधारित इस ड्रामा फिल्म में मनोज बाजपेयी 'मास्टरजी' के किरदार में हैं, जो एक सेवानिवृत्त शिक्षक हैं और एक क्रूर रियल एस्टेट डेवलपर के खिलाफ अकेले खड़े होते हैं। इसमें बोमन ईरानी और दिव्या दत्ता भी हैं।

**हैवान** : इस फिल्म को प्रियदर्शन डायरेक्ट कर रहे हैं। यह एक सस्पेंस क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। इसमें अक्षय कुमार एक खतरनाक विलेन के रूप में हैं, जिनके साथ सैफ अली खान, बोमन ईरानी और सैयामी खेर नजर आएंगे।

18 सितंबर - 5 फिल्में देंगी दस्तक

**दायरा** : मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित यह एक इन्वेस्टिगेटिव क्राइम थ्रिलर है, जिसमें करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन मुख्य भूमिका में हैं।

### रक्षा बंधनः अक्षय को याद आई नोकझोंक

## प्रिया हुई इमोशनल, प्रीति, जिनिलया, रिद्धिमा ने लुटाया दुलार

एजेंसी ⏭ मुंबई

भाई और बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह और एक-दूसरे की रक्षा के अटूट संकल्प का त्योहार रक्षा बंधन। शुक्रवार, 28 अगस्त को देशभर में बहनों अपनी भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधीं। सोशल मीडिया पर आम जनता से लेकर सेलिब्रिटीज तक त्योहार के उमंग और उत्साह की झलक दिखा रहे हैं। किसी को अपना बचपन याद आ रहा है, तो कोई भावुक हो रहा है। कंगना रनौत ने जहां अपने भाई के साथ त्योहार मनाने की तस्वीरें शेयर की हैं, वहीं प्रीति जिंटा को भी पूजा की थाल के साथ बचपन की शरारतें याद आ गईं। रिद्धिमा कपूर साहनी ने भाई रणबीर कपूर और मां नीतू कपूर के साथ पुरानी तस्वीर शेयर की, जबकि प्रिया दत्त ने इस खास मौके पर संजय दत्त के साथ एक बेहद पुरानी तस्वीर शेयर कर इमोशनल पोस्ट लिखा है। बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने भी शुक्रवार को बहन अलका भाटिया के साथ एक तस्वीरें शेयर की। राखी की बधाई देते हुए उन्होंने लिखा, 'रिश्ता वो, जिसमें नोकझोंक भी है, प्यार भी है और हर मुश्किल में साथ भी। हर भाई-बहन को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं।'



### रिद्धिमा ने शेयर की रणबीर संग बचपन की फोटो

रिद्धिमा कपूर साहनी ने भाई रणबीर कपूर और कजिन्स आदर जैन, अरमान जैन के साथ इंस्ट्राग्राम स्टोरी पर तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें रणबीर कपूर वाली तस्वीर बेहद प्यारी है। उन्होंने किसी नई तस्वीर की बजाय, बचपन की फोटो दिखाई है, जिसमें रणबीर और रिद्धिमा अपनी मां नीतू कपूर के साथ स्कूल ड्रेस में नजर आ रहे हैं। बचपन की यादों से लेकर जिंदगी के हर मोड़ तक, कुछ चीजें कभी नहीं बदलतीं। वो प्यार, वो हंसी-मजाक, वो बहस, वो कभी न खत्म होने वाली कहानियां, वो बिना कहे एक-दूसरे को समझ लेना... हम हमेशा एक-दूसरे के साथ रहेंगे।

### शरारतें, खुशियां और प्यार

इसी तरह प्रीति जिंटा ने अपने दोनों भाइयों मनीष और दीपांकर के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने तीन तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'आप सभी को रक्षाबंधन की बधाई जो आज इसे मना रहे हैं, और मेरे उन दोनों साथियों को भी, जिनके साथ मैंने शरारतें कीं, खुशियां बांटीं और जिंदगी के हर पल को जिया। आप दोनों से बहुत-बहुत प्यार।'



### जिनिलिया ने 'निगु-पिगु' भाई को बांधी राखी



एक्ट्रेस जिनिलिया डिसूजा ने इस खास मौके पर भाई निगेल डिसूजा के साथ रक्षा बंधन मनाते हुए वीडियो शेयर किया है। वह उन्हें तिलक लगा रही हैं, आरती उतार रही हैं। जिनिलिया लिखती हैं, 'हर साल होने वाली लड़ाई... बड़ी बहन को ही हमेशा तोहफे देने और लाड़-प्यार करने वाला होना चाहिए, उल्टा नहीं हो सकता - इसकी इजाजत नहीं है। लेकिन इस बार निगु-पिगु ने 'छोटी गैंग' की मदद ली और मैं बुरी तरह हार गई। रक्षाबंधन की बधाई, निगु-पिगु। मैं हमेशा तुम्हारे साथ खड़ी रहूंगी।'